आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 352 -● जबलपुर ● बुधवार, 25 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष 4 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## लखीमपुर खीरी हिंसा केसः आशीष मिश्रा को मिली सशर्त अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मिश्रा को सशर्त 8 हफ्तों के लिए जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आशीष मिश्रा को निर्देश दिया है कि वह अपनी लोकेशन के बारे में संबंधित न्यायालय को जानकारी दे। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने कहा कि आशीष मिश्रा या उसके परिवार ने अगर मामले से जुड़े गवाहों को प्रभावित करने या फिर ट्रायल में देरी करने की कोशिश की तो आशीष मिश्रा की जमानत रद्द कर दी जाएगी।


## गुजरात दंगे के दौरान हत्याकांड में शामिल सभी 22 आरोपी बरी

**अहमदाबाद, ईएमएस।** गुजरात की एक अदालत ने मंगलवार को 2002 के गोधरा दंगों के दौरान हत्या के मामले में सभी 22 आरोपियों को बरी कर दिया है। 2002 में गुजरात दंगे के दौरान पंचमहल में देलोल हत्याकांड हुआ था, जहां 17 अल्पसंख्यक लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मामले में 22 लोगों का आरोपी बनाया गया था। बचाव पक्ष के वकील गोपालसिंह सोलंकी ने कहा कि जस्टिस हर्ष त्रिवेदी की बेंच ने सभी 22 आरोपियों को बरी कर दिया। इनमें 8 की मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो गई।

# पुणे, रोहतक में दो परिवारों के 11 लोगों के शव मिले

### आर्थिक तंगी के चलते सुसाइड का अंदेशा

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे में एक ही परिवार के सात लोगों के शव मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार परिवार आर्थिक तंगी में था। पुलिस के अनुसार पहली नजर में मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि मामले में सभी ऐंगल से जांच की जा रही है। वहीं हरियाणा के रोहतक में एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव मिले हैं। पुणे जिले के दौंड तालुका के परगांव में भीमा नदी से 18 से 21 जनवरी के बीच परिवार के चार सदस्यों के शव मिले थे। वहीं नदी में तलाश के दौरान मंगलवार दोपहर परिवार के तीन और बच्चों के शव मिले हैं। मृतकों में 50 साल के पुरुष से लेकर 3 साल तक के बच्चे के शव हैं।



### मृतकों में पती-पत्नी, बेटी-दामाद और बच्चे

मृतकों में मोहन उत्तम पवार (50), संगीता मोहन पवार (45) उनके दामाद शामराव पंडित फुलवारे (32), उनकी पत्नी रानी शामराव फुलवारे (27), शामराव फुलवारे के बेटे रितेश शामराव फुलवारे (7), छोटू शामराव फुलवारे (5) और कृष्णा (3) की लाशें इसी नदी के किनारे मिली हैं।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुणे ग्रामीण पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। आसपास के इलाकों में लोगों से पूछताछ कि जा रही है और पहले शवों से संबंधित परिवार को तलाशने का काम शुरू है।

### रोहतक में पति-पत्नी व दो बच्चों के शव मिले

हरियाणा के रोहतक में एक घर से पति-पत्नी व 2 बच्चों के शव बरामद हुए हैं। सिटी थाना पुलिस व एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक घटना के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है।

### मप्र में पठान फिल्म का विरोध

# इंदौर में शो हुआ रद्द, भोपाल में टिकट खिड़की बंद, बड़वानी में पोस्टर जलाए

**भोपाल, यशभारत।** शाहरूख खान की विवादित फिल्म पठान के रिलीज होने पर आज मध्य प्रदेश में भी विरोध देखा गया। इंदौर एवं बड़वानी में इस फिल्?म का पुरजोर विरोध किया गया। बड़वानी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संगठन मंत्री नरेंद्रसिंह परमार के नेतृत्व में नगर की तीन सिनेमाघरों में पठान फिल्म का विरोध कर फ्लेक्स जलाकर प्रदर्शन किया। दरअसल इस फिल्म के रिलीज होने पर बड़वानी के तीन सिनेमाघरों में पोस्टर बैनर लगाए गए थे।वहीं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के जिला संगठन मंत्री के नेतृत्व में नगर के विरोध प्रदर्शन किया गया, वहीं विहिप बजरंग दल जिला संगठन मंत्री नरेंद्र सिंह परमार ने बताया कि सिनेमाघरों के संचालकों को यह फिल्म न चलाए जाने को लेकर चर्चा की है यदि फिर भी मूवी चलती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। टॉकीज संचालक ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह उक्त फिल्म अपनी टॉकीज में प्रदर्शित नहीं करेगा।



### भोपाल में भी पठान फिल्म का विरोध

बजरंग दल ने भोपाल पठान फिल्म का विरोध तेज किया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार सुबह न्यू मार्केट में रंग महल टॉकीज में विरोध कर सिनेमा हॉल की टिकट खिड़की को बंद कराया।

### इंदौर में बड़े स्तर पर नारेबाजी, व्यापक प्रदर्शन

फिल्म पठान बुधवार को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई और इसके साथ ही फिल्म को लेकर विरोध भी होना शुरू हो गया। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण द्वारा अभिनीत इस फिल्म को लेकर बजरंग दल ने शहर के विभिन्न सिनेमाघरों के बाहर सुबह से ही प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इंदौर में कस्तूर टाकीज, सपना संगीता आइनोक्स, एयरपोर्ट रोड स्थित एयु सिनेमा हाल मल्टीप्लेक्स के अलावा शहर के अन्य सिनेमाघरों में भी फिल्म के प्रदर्शन के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सपना संगीता का बाहर बड़ी संख्या में नारेबाजी की गई। जिसके बाद वहां का शो कैंसिल किया गया। फिल्म देखने के लिए पहुंचे दर्शक वापस लौट गए।

# अबकी बार 200 पार

### मप्र में भाजपा का बड़ा टारगेट हासिल करने प्लान-51

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी की कार्य समिति की बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए 200 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया गया है। इस साल नवंबर में होने जा रहे चुनाव में पार्टी वोट शेयर बढ़ाने पर भी जोर देने जा रही है और करो के मुकाबले करीब 10 फीसदी अधिक वोट चाहती है। पार्टी में हर बूध पर 51 फीसदी वोट पाने का लक्ष्य तय किया है। दरअसल, भगवा पार्टी 2018 जैसी स्थिति नही चाहती काग्रेस से कुछ अधिक वोट पाकर भी बहुमत पाने से चूक गई थी।करीब 700 की सदस्यों को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश बीजेपी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने कहा, विधानसभा चुनाव में अब अधिक दिन बच्चे नहीं है। इसे 200 दिनों में 200 सीटों को जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है, जिसके लिए सरकार संगठन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता की जरूरत है। 2003, 2008 और 2013 में जीत की हैट्रिक लगाने के बाद 2013 में भी भाजपा को 200 पार जाने का भरोसा था। हालांकि, नतीजे सामने आए तो पार्टी को कड़ाका लगा। पार्टी कुल 230 में से 109 सीटों पर ही जीत हासिल कर कांग्रेस 114 सीटों पर का करके में आने में कामयाब रही थी। भाजपा के लिए निराशा इसलिए भी अधिक थी क्योंकि बोट शेयर के मामले में भाजपा कांग्रेस से कुछ आगे भी, लेकिन सीटें कम रह गई। भाजपा को 41.02 फीसदी वोट शेयर मिले थे, जबकि कांग रेस को 40.89 फीसदी वोट मिले थे।



### सब मिलकर जीत का संकल्प लें

उन्होंने इस दौरान 2018 की हार को लेकर बड़ा खुलासा किया। नेताओं का नाम लिये बना मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपने कुछ नेताओं के कारण ही चुनाव हारे। दुनिया की कोई ताकत बीजेपी को चुनाव नहीं हरा सकती। सीएम ने धार जिले की नगरीय निकाय चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि बीजेपी के नेता पार्टी के उम्मीदवारों के साथ घूमते रहे पर निर्दलीय को वोट देने के लिए फोन करते रहे। यह मानसिकता अब बिल्कुल नहीं चलेगी। सीएम ने कहा कि हमारे पास अभी पूरे 200 दिन का समय है। यह समय है कि हम नए जोश के साथ पारिवारिक माहौल में काम करें। सब खुश रहें और दूसरों को खुश रखें। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान दें, बूथ को और ज्यादा सक्रिय करें तथा सब मिलकर जीत का संकल्प लें और खड़े हो जाएं। खुद को तैयार करें और संकल्प लेकर खड़े हो जाएं। जीत हमारी होगी।

### बूथ को और ज्यादा मजबूत करना है

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारे नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए ईश्वर का वरदान हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था- मैं भारतमाता को फिर से विश्वगुरु के रूप में अधिष्ठित होते देख रहा हूं। उनके इस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। हमारा संगठन काफी मजबूत है और बूथों को डिजिटाइज करने का जैसा काम मध्यप्रदेश में हुआ है, कहीं नहीं हुआ। लेकिन हमें बूथ को और ज्यादा मजबूत करने के प्रयास करना है।

### जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से भारत जोड़ो यात्रा रद्द, अब 27 से होगी शुरू

# सर्जिकल स्ट्राइक पर सेना को सबूत देने की जरूरत नहीं : राहुल

### राहुल गांधी बोले-दिग्विजय के बयान से कांग्रेस से सहमत नहीं

**श्रीनगर ,एजेंसी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का आज 131वां दिन है। जम्मू कश्मीर के रामबन में जोरदार बारिश के बाद यह रद्द कर दी गई। लैंडस्लाइड और भारी बारिश के कारण कई स?कें ब्लॉक हो गईं। इसी वजह से यात्रा का दूसरा चरण रद्द कर दिया गया। मामले की जानकारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर दी। उन्होंने कहा कि रिपब्लिक डे पर अवकाश रहेगा और यात्रा फिर से 27 जनवरी की सुबह 8 बजे से शुरू होगी।कांग्रेस के शेड्यूल के तहत 25 जनवरी यानी आज सुबह 8 बजे से यात्रा रामबन से शुरू हुई। प्लान के मुताबिक, इसे खोबाग क्षेत्र में जाकर रुकना था, लेकिन अब इसे रद्द कर दिया गया है। यात्रा 30 जनवरी को जम्मू और कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचकर खत्म होगी। राहुल गांधी ने मंगलवार को सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के बयान से पल्ला झाड़ लिया।



उन्होंने कहा- कांग्रेस ने सेना के शौर्य पर कभी सवाल नहीं उठाया है। अगर सेना कुछ करती है तो उस पर सबूत देने की जरूरत नहीं। ये दिग्विजय जी की निजी राय है। मैं इससे सहमत नहीं हूं।राहुल ने यह भी कहा कि कांग्रेस में किसी की बात को दबाया नहीं जाता, जहां चर्चा होगी वहां बेहूदा बात भी होगी। मुझे पार्टी के सीनियर लीडर के लिए ऐसा कहते हुए बुरा लग रहा है, लेकिन दिग्विजय जी ने बेहूदा बात ही कही है।राहुल ने कहा- जब हम अंग्रेजों से लड़ रहे थे, तब भाजपा-संघ के लोग उनके साथ थे। उन्हीं के नेताओं ने दो देशों का कॉन्सेप्ट दिया। जहां तक दिग्विजय जी के बयान की बात है। उन्होंने जो सर्जिकल स्ट्राइक पर कहा, उससे हम पूरी तरह डिसएग्री करते हैं। कांग्रेस पार्टी भी इससे सहमत नहीं है। हमारी आर्मी पर हमें पूरा भरोसा है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जम्मू में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर दिग्विजय सिंह की निजी राय से वे असहमत हैं।

### भाजपा-संघ और मोदी के लिए दिल में नफरत नहीं

मेरे दिल में भाजपा, RSS, पीएम मोदी के लिए नफरत नहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने अगर ऐसा कहा है कि मेरे दिन में नफरत है और मैं नफरत ही फैलाने निकला हूं, तो ये उनकी गलत सोच है। हालांकि, मुझे बड़ी हैरानी होगी अगर ये उनके अपने विचार हुए तो। जिस पार्टी में वे हैं, वहां उन्हें ऊपर से आदेश आते हैं कि क्या कहना है। मुझे नहीं लगता कि ऐसे बयान देने के अलावा उनके पास कोई और ऑप्शन होगा।

# BBC की डॉक्यूमेंट्री पर JNU में पथराव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** BBC की प्रतिबंधित डॉक्यूमेंट्री को बैन किए जाने का समर्थन करने वाले कांग्रेस के नेता और एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने बुधवार सुबह पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।

### बैन का सपोर्ट करने वाले एंटनी के बेटे का कांग्रेस से इस्तीफा, कहा-ट्वीट डिलीट करने को कहा था

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने मुझसे ट्वीट डिलीट करने को कहा था, लेकिन मैंने इनकार कर दिया। क्या चाटुकारिता ही योग्यता का मापदंड बन गया है। उन्होंने मंगलवार दोपहर 1 बजे ट्वीट कर कहा था कि भारतीय संस्थानों पर BBC के विचारों को रखने का मतलब देश की संप्रभुता को कमजोर करना है। उधर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) में BBC की इस प्रतिबंधित डॉक्यूमेंट्री को देख रहे छात्रों पर मंगलवार देर रात पथराव किया गया। पथराव किसने किया, यह पता नहीं चल पाया है।

# लखनऊ में 5 मंजिला इमारत गिरी, 2 महिलाओं की मौत

### 17 घंटे में 14 को बचाया, मामले की जांच के लिए टीम गठित, 7 दिन में देंगे रिपोर्ट

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के हजरतगंज स्थित 5 मंजिला अलाया बिल्डिंग मंगलवार शाम गिर गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है। NDRF के साथ आर्मी टीम रेस्क्यू में जुटी हैं। बुधवार सुबह रेस्क्यू कर 75 साल की बेगम हैदर को सिविल अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर ने बताया कि इलाज के दौरान बेगम हैदर व एक अन्य महिला की मौत हो गई। बेगम हैदर कांग्रेस नेता जीशान हैदर का मां है। जीशान की पत्नी अभी मलबे में फंसी हैं, उन्हें निकालने का प्रयास जारी है। हादसा मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे हुआ। ष्ठष्टक्क डीएस चौहान के अनुसार अभी तक कि 14 लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया है।



जो लोग बिल्डिंग के बेसमेंट में फंसे हैं। उनको लगातार ऑक्सीजन देने का प्रयास हो रहा है। इनसे फोन पर भी बात की गई है।अलाया अपार्टमेंट के बेसमेंट में मंगलवार को खुदाई चल रही थी, तभी यह ढह गया। पुलिस ने पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर के बेटे नवाजिश को हिरासत में लिया है। बिल्डिंग उन्हीं की है। अलाया अपार्टमेंट करीब 15 साल पहले बनी थी। इसमें 30-35 परिवार रह रहे थे।इस इमारत को बनाने के समय न सेटबैक छोड़ा गया और न जरूरी संपर्क मार्ग। स्ढ्ढ के सूत्रों की मानें तो अभी तक बिल्डिंग का कोई नक्शा सामने नहीं आया है।

# भोपाल में शहडोल की युवती से गैंगरेप



### जॉब की तलाश में आई थी; पुलिस की आंखों में पाउडर झोंककर भागे आरोपी

**भोपाल, यशभारत।** जॉब की तलाश में शहडोल से भोपाल आई युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती को रेलवे स्टेशन पर दो आरोपियों ने नौकरी दिलाने का झांसा दिया। वे उसे स्टेशन के पास ही एक घर में लेकर गए, यहां गलत काम किया। वहीं एक अन्य आरोपी ने उससे छेड़छाड़ की। आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागी युवती ने जब दो पुलिसकर्मियों से मदद मांगी। तो आरोपी उनकी आंखों में पाउडर डालकर भाग निकले।घटना 12 जनवरी की है। पुलिसकर्मियों ने युवती को 500 रुपए देकर शहडोल भेज दिया था। वहां पहुंचकर उसने अपने माता-पिता को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजनों ने 19 जनवरी को FIR दर्ज कराई। आगे की जांच के लिए सीधी थाना पुलिस ने केस डायरी भोपाल के मंगलवारा थाना पुलिस को भेजी। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी। वहीं पुलिसकर्मियों की भी पहचान नहीं हो सकी है। भोपाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

# अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग






## गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक मृत्युंजय शर्मा को भेंट किया अरूणोदय पंचांग



**जबलपुर, यशभारत।** मथुरा-वृंदावन में श्री गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा के पुत्र श्री मृत्युंजय शर्मा व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ व सम्पादक अखण्ड ज्योति को गायत्री तपो भूमि में आलोक गुप्ता-बन्टुबाबा -ने घर का पंडित अरूणोदय पंचांग भेंट कर गुरूपुत्र से आशीर्वाद प्राप्त किया।



## दुश्मन की हर चाल का जवाब देने को तैयार सेना, सैनिकों के लिए खरीदने जा रही जेटपैक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने और दुश्मन की हर चाल का जवाब देने के लिए भारतीय सेना खुद को लगातार हाईटेक कर रही है। इस बीच सेना ने सैनिकों के लिए जेटपैक सूट, नई पीढ़ी के ड्रोन सिस्टम और रोबोट की आपातकालीन खरीदी के लिए निविदाएं जारी की हैं। एक अधिकारी के मुताबिक, सेना सैनिकों को 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ान भरने के लिए 48 जेटपैक सूट, 100 रोबोट और 130 फास्ट-ट्रैक च्टीथर्डज ड्रोन सिस्टम की खरीदी करेगी। सेना ने कहा है कि जेटपैक सूट, सैनिकों के लिए सुरक्षित व नियंत्रित टेक-ऑफ और लैंडिंग वाला होना चाहिए, जो किसी भी दिशा में उतर सकता हो। इसके अलावा रोबोटों को 10,000 फीट तक की ऊँचाई पर काम करने में सक्षम होना चाहिए। वहीं ड्रोन लंबे समय तक सीमा रेखा के पार निगरानी के लिए उपयुक्त होना चाहिए।

## चीन में कोरोना:लाशों को दफनाने के लिए कम पड़ गए ताबूत, अंतिम संस्कार का खर्च दो से तीन गुना बढ़ा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में कोरोना का तांडव लगातार जारी है। यहां की करीब 80 प्रतिशत आबादी संक्रमण की चपेट में आ चुकी है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। चीन ने भले ही दिसंबर से अब तक कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या 60 हजार बताई हो, लेकिन हकीकत यह है कि यहां गली-कूचों और अस्पतालों में लाशों की भरमार है। एक मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन में लाश दफनाने के लिए ताबूत तक कम पड़ गए हैं और मांग ज्यादा होने की वजह से उनके दाम भी बढ़ गए हैं। आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर दिन किसी न किसी की मौत हो रही है, जिससे श्मशानों के बाहर लंबी लाइन है। चीन के प्रमुख महामारी विज्ञानी वू जुन्यो के अनुसार, दिसंबर में चीन द्वारा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद से लगभग एक अरब से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं, जो कुल आबादी का 80 प्रतिशत है। वहीं, पिछले सप्ताह के अंत में चीन ने एक सप्ताह से भी कम समय में 13,000 कोरोना मौतों को दर्ज किया, लेकिन ये मौतें अस्पतालों में हुई हैं। चीन के ग्रामीण क्षेत्रों की हालत इससे बहुत बुरी है। मीडिया रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि चीन ने जिन मौत के आंकड़ों को साझा किया है, वह सिर्फ शहरी इलाकों के हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण कोरोना से होने वाली मौतों की कोई गिनती ही नहीं की गई है। कई रिपोर्ट्स में ग्रामीण क्षेत्रों में मौतों की संख्या में बढ़ोत्तरी की बात कही गई है।



# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कल पूरे देश में एक साथ शुरुआत

**जबलपुर में शामिल होंगे राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा**



जबलपुर,यशभारत। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर संपूर्ण भारत में एक साथ 26 जनवरी 2023 से हाथ से हाथ जोड़ो महाअभियान प्रारंभ किया जा रहा है, जो लगभग 2 माह तक चलेगा।संगठन मंत्री मनोज सेठ ने बताया कि इस हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत जबलपुर में शहीद बिरसा मुंडा तिराहा अधारताल से शहर एवं ग्रामीण कॉग्रेस कमेटी के सयुक्त तत्वाधान में 26 जनवरी 2023 दिन गुरुवार दोपहर 1 बजे होगी। इस अभियान की शुरुआत राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन सह प्रभारी सी.पी. मित्तल, शहर( जिला )कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया, तरुण भनोत, विधायक विनय सक्सेना, संजय यादव, ग्रामीण कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन जबलपुर संगठन प्रभारी सुनील जैन, सह प्रभारी विभाष जैन सहित युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, सभी विंग, प्रकोष्ठ व विभाग के कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे। इस अभियान के दौरान प्रत्येक घर में राहुल गांधी का पत्र, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलनाथ जी का 15 माह कांग्रेस सरकार के परोपकारी निर्णयों का पत्र एवं शहर( जिला )कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माननीय श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू का जवाब दो हिसाब दो 18 साल मध्य प्रदेश बदहाल 18 साल प्रदेश खस्ताहाल का पत्र दिया जाएगा।

**श्री राम इंजिनियरिंग कालेज ने किया नये छात्रों का स्वागत**

# छात्र परिश्रम-अनुशासन से बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं:तन्खा


**जबलपुर,यशभारत।** श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज ने अपने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिये प्रेशर पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक कृष्ण तन्खा ( राज्य सभा सांसद) जबलपुर, विशिष्ट अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , विधायक संजय यादव , विनय सक्सेना थे । श्री राम कामसाफ्ट के फाउंडर रामेन्द्र करसौलिया, कालेज के चेयरमेन राजूल करसौलिया, सोनम करसौलिया तिवारी, डा. एल के पटेल, डा. योगेश मोहन दुबे, डा. शैलेश गुप्ता वा समीरा अविनाश के विशेष मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरूआत दीप प्रज्जवलित से हुई। मुख्य अतिथि विवेक कृष्ण तन्खा एवं समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । डा. योगेश मोहन दुब ने श्री राम कालेज की गौरवगाथा का विष्लेषण किया ,साथ ही कालेज के सभी प्राचार्यो का परिचय कराया । डा दुबे ने अपने वक्तव्य में बताया कि कैसे श्री राम कालेज ने इतने कम समय में यह मुकाम हासिल किया है । मुख्य अतिथि विवेक कृष्ण तन्खा ने कहा कि छात्र अपने परिश्रम एवं अनुशासन से बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकते है उन्होंने नवागत छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि कक्षा में उनकी उपस्थित नियमित होनी चाहिये साथ ही प्रायोगिक कक्षाओ को भी गंभीरता के साथ लेना चाहिये ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रश किये जिसमे सोलो सिंगिंग, ग्रुप डांस सोलो डास मिमीकी के साथ फैशन शो का आयोजन भी किया गया जिसमे





बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम के अंत में डीजे नाईट का आयोजन किया जिसमे सभी छात्रों ने जम कर डांस किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो राहुल पाठक, रविता राजपूत एंव शगुन उपाध्यय ने किया इस अवसर का आभार प्रदर्शन प्रो विवेक राजपूत ने किया कार्यक्रम कालेज के चेयरमेन आर करसीलिया, र प्रदीप उप्पल, डा प्रदीप दूबे प्रो प्रतीक गुप्ता, यो दिजेश पटेल, डा विवेक नेमा, प्रो नितिन शुक्ता प्रो परिक्षित बाजपई के साथ में बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित रहे.।

# दो दिनों तक बनी रहेगी बादलों की आवाजाही, दिन में गर्मी का अहसास



जबलपुर, ।मौसम में जिस तरह से बदल रहा है उसे देखते हुए करू।के की ठंड अब नहीं पड़ेगी। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मौसम में आए इस बदलाव के चलते कड़ाके की ठंड राहत रहेगी हालांकि रात में हल्की ठंडक का अहसास होता रहेगा। बुधवार की सुबह बादल छाने से बारिश के आसार लग रहे थे पर कुछ देर बाद धूप निकल आई। सुबह का तापमान 6 डिग्री बढ़कर 16.4 पर जा पहुंचा। जबकि मंगलवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 30 डिग्री के पार पहुंच गया है। जिससे वातावरण में गर्मी का अहसास बना रहा। बार-बार बदल रहे मौसमी समीकरणों से हवाओं का रुख भी बदल कर अब दक्षिणी से पश्चिमी हो गया है। पश्चिम हवाओं के साथ हल्की नमी भी आ रही है। जिससे जबलपुर सहित संभाग के जिलों में हल्के बादल छाए रहे। मौसम विभाग की माने तो एक नया फिर पश्चिम विक्षोभ भी सक्रिय हो रहा है जिससे दो दिनों तक बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। मंगलवार को भी दिन जहां गर्म रहा वहीं रात ठंडी रही। क्योंकि दिन का तापमान जहां बढ़ रहा है वहीं रात का न्यूनतम तापमान स्थिर हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उससे लगे पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में सक्रिय है। ओडिशा के आसपास भी एक प्रति चक्रवात है। इन चक्रवाती प्रणालियों के असर से हवा का रुख बदल कर पश्चिमी हो गया है। दो तक मौसम में विशेष परिवर्तन के आसार नहीं हैं।

# भविष्य निधि अंषधारकों एवं पेंशनरों हेतु हर जिले में होगी निधि आपके निकट

जबलपुर, यशभारत। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर पीएफ खाताधारकों व पेंशनरों की समस्या का समाधान कराने के लिए अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में जनवरी 2023 से प्रत्येक माह की 27 तारीख को निधि आपके निकट कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह कार्यक्रम सम्पूर्ण देष में एक साथ आयोजित किया जावेगा। हर माह 27 तारीख को 'निधि आपके निकट 2.0' के आयोजन में पी एफ व पेंषन संबंधी षिकायतें सुनी जाएंगी ताकि खाता धारको को अपने काम के लिए जबलपुर आना न पड़े। साथ ही नवीन आवृत्त स्थापनाओं के नियोक्ताओं को भी मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर द्वारा 16 जिलों ;जबलपुर, कटनी, उमरिया, मण्डला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, शहडोल, अनूपपुर, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाडा, सतना, सीधी, पन्ना, रीवा, सिंगरौली द्व के लिए 16 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 2-3 प्रवर्तन अधिकारी/लेखा अधिकारी/अनुभाग पर्यवेक्षक एवं सा.सु. सहायक होंगे। भविष्य निधि आयुक्त राकेष सहरावत के अनुसार वर्तमान निधि आपके निकट के विस्तार की प्रक्रिया के अंतर्गत 'निधि आपके निकट 2.0' को लाया गया है। ईपीएफओ निजी, संगठित व असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों व कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है। ईपीएफओ सदस्यों व पेंषनरों की समस्याओं के निराकरण करने के लिए निधि आपके निकट, पेंषन अदालत, वेबिनार जैसे विभिन्न कार्यकम आयोजित करता है। अभी तक ये कार्यक्रम अधिकांष तौर पर उन जिलों तक सीमित थे जहां संगठन के कार्यालय स्थित है।

# Dr. Batra's राइट टाउन में उद्घाटित

**जबलपुर, यशभारत।** विश्व की सबसे बड़ी होम्योपैथी क्लिनिक चेन Dr. Batra's ने राइट टाउन तनिश्क के निकट अपने नए क्लिनिक का शुभारंभ किया। क्लिनिक का उद्घाटन ष्ठह्र Batra's के सीईओ संजीव मुखर्जी तथा खटवानी ग्रुप के चेयरमैन रामचंद्र खटवानी द्वारा हुआ। हनुमान मंदिर के निकट इस क्लिनिक में स्त्री, पुरुष व बच्चों के सभी रोगों के उपचार के साथ ही सौंदर्य संबंधित सेवाओं की नई रेंज भी उपलब्ध है। जिसमें हाइड्रा फेशियल, हेयर रिडक्शन लेजर ट्रीटमेंट, न्यू हेयर जैसी अत्याधुनिक रसायन रहित



सुविधाओं की लंबी श्रृंखला है। ये सभी उपचार व सौन्दर्य सेवाएं किसी भी तरह के साइड इफेक्ट से सुरक्षित तथा बेहतरीन परिणाम देने वाले हैं।पिछले 10 वर्षो से गोरखपुर स्थित Dr. Batra's क्लिनिक अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देता आ रहा है तथा अब तक 10 हजार से भी ज्यादा मरीजों को रोग मुक्त करने में सफल रहा है।क्लिनिक के शुभारंभ के खास मौके पर 31 जनवरी तक सभी को ष्ठह्र परामर्श निःशुल्क तथा उपचार पर 20त्न की छूट दी जा रही है।

**35 करोड़ युवाओंके लिये स्वावलम्बी भारत अभियान का शंखनाद**

# *नौकरी माँगने वाला नहीं,देने वाला बनेगा युवाः भैया जी जोशी



**जबलपुर,यशभारत।** स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत महाकोशल प्रान्त के सभी 21 जिलों सहित सामूहिक रूप से जबलपुर जिला में भी जिला रोजगार सृजन केंद्र का शुभारंभ व लोकार्पण कार्यक्रम सुरेश जोशी( भैया जी) के मुख्य आतिथ्य में तथा विशिष्ट अतिथि द्वय वेदप्रकाश शर्मा , से.नि. कलेक्टर, एवं प्रेम दुबे,अध्यक्ष, जबलपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज, रवि मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती तथा आलोक सिंह चौहान, प्रान्त समन्वयक, स्वावलम्बी भारत अभियान, महाकोशल प्रान्त सहित विभिन्न संगठनों से ओम नारायण पचौरी जी, पुखराज सिंह चंदेल जी, विपिन गुप्ता, लता ठाकुर, राजेश मिश्रा, रिंकू विज, अखिलेश जैन, शरद अग्रवाल,की उपस्थिति में संस्कृति सभागार,भंवरताल गार्डन के पास, जबलपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण छतरपुर जिले से हुआ, जिसे समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की उपस्थिति में देखा गया। मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत श्री सोमेश गुप्ता,सह-समन्वयक, स्वावलम्बी भारत अभियान,महाकोशल प्रान्त के द्वारा संगठन मंत्र से किया गया।विशिष्ट अतिथियों के साथ भारत माता के चित्र के पास दीपप्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर छतरपुर के साथ ही अन्य जिलों द्वारा समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया।कार्यक्रम का संचालन जिला-सह-समन्वयक, योगेश मिश्रा ने किया। अतिथियों को शॉल, श्रीफल व पौधा देकर सम्मानित किया गया। जिला-समन्वयक पूर्णानन्द दुबे जी द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। स्वावलम्बी भारत अभियान,देश में रोजगार व स्व-रोजगार व उद्यमिता के अवसर उत्पन्न करने हेतु ठोस कदम उठाने के लिये, एक महत्वपूर्ण सामूहिक पहल है,जिसे आर्थिक,सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न संगठनो,यथा; स्वदेशी जागरण मंच,भारतीय मजदूर संघ,भारतीय किसान संघ,अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, भा.ज.पा.,वनवासी कल्याण संघ,भारतीय शिक्षण मंडल,राष्ट्रीय सेवा भारती आदि द्वारा प्रारम्भ किया गया है। जबलपुर जिला रोजगार सृजन केंद्र-रब्स हाइट्स,2 नं. रेलवे पुल के पास,स्टेशन रोड,जबलपुर में आरम्भ किया गया है,जहाँ स्व-रोजगार/रोजगार व नये उद्योग आरम्भ करने हेतु इक्षित युवाओं हेतु उनको नये उद्यम व स्व-रोजगार आरम्भ करने में आने वाली कठिनाइयों का समाधान कर उनको मार्गदर्शन प्रदान किया जावेगा।इस क्रम में शासकीय योजनाओं की जानकारी देने से लेकर,उनके वित्त पोषण सम्बंधित कार्य मे सहायता प्रदान कर उनके कार्य को सुलभ व आसान किया जावेगा।

# सास - बहुओं की नृत्य प्रस्तुतियों ने समा बांधा

**गहोई दिवस समारोह सम्पन्न :सांसद राकेश सिंह ने गहोई समाज के योगदान को सराहा**



**जबलपुर, यशभारत।** श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत जबलपुर के तत्वाधान में जबलपुर रविवार देर रात तक चले गहोई दिवस के समापन समारोह में सास बहू की रेट्रो थीम पर नृत्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। जो जहां था, वहीं ठहर कर राष्ट्रीय शो के फिनाले की तरह की प्रस्तुतियों से भाव विभोर हो उठा। इसमें दो हास्य प्रस्तुतियां हुई एक में पूर्व गहोई महिला मंडल अध्यक्ष की सासों ने प्रस्तुति दी जिसमें रश्मि पहरिया और अन्य ने जबरदस्त प्रस्तुति दी। इनके उपरांत बहुओं की प्रस्तुति हुई जिसकी कोरियोग्राफर सीमा द्वारा प्रशिक्षित वार्ड दर्जन बहुओं ने रेट्रो पर लताजी के पुराने पर एक से परिधान पहनकर प्रस्तुति दी। इसमें वैशाली गुप्ता प्रिया गुप्ता, गरिमा और अंकिता के साथ अन्य बहुओं की प्रस्तुतियों को सबने सराहा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान समारोह हुआ, जिसमे समाज के प्रतिभाशाली छात्रों व 75 वर्ष से अधिक सीनियर सिटीजनस को मोमेंटो दिए गए एवं शाल श्रीफल पुष्पहार से सम्मानित किया गया। सुबह आकर्षक सूर्य शोभायात्रा पंचायती भवन तमरहाई चौक से निकाली गई जो उपरैनगंज, दीक्षितपुरा, सराफा, कोतवाली, मिलौनीगंज, छोटा फुहारा, दमोह नाका का भ्रमण करते हुए एम. जी. जी. मेरिज पैलेस दमोहनाका में सभा में परिवर्तित हो गई। यहां सूर्य पूजन व आरती उपरांत समारोह शुभारंभ हुआ। इसमें मुख्य अतिथि सांसद राकेश सिंह ने गहोई समाज को शांत व सभ्य समाज निरूपित करते हुए समाज के लोगों द्वारा व्यापार व्यवसाय सहित क्षेत्रों में उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। समाज अध्यक्ष विजय कुमार सुहाने ने सबका स्वागत करते हुए गहोई समाज की गतिविधियों व योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में हीरक सम्मान व गहोई मनीषा सम्मान सहित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। द्वितीय सत्र में पहुंचे अतिथिगण माननीय विधायक द्वय लखन घनघौरिया व विनय सक्सेना ने समाज को उन्नत व विकासशील बताते हुए गहोई सामाजिक भवन के निर्माण हेतु सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का मंच संचालन डा. अरुण सरावगी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष विजय सुहाने, उपाध्यक्ष कैलाश लहरिया एवं डॉ. अरुण सरावगी, मंत्री इंजी. रामगोपाल ददरया, कोषाध्यक्ष श्रीकांत इंदुरख्या संयोजक इंजी.अरुण खर्द, एड. अशोक गुप्ता, कमलकांत गुप्ता ब्रजबिहारी नगरिया, शंभुदयाल बडेरिया, रविकांत राक्त, पुष्पा ददस्या देवराज खरया रविशंकर नौगरिया नवीन बडेरिया, राजू बांगर सभी पंचों व सौरभ बड़ेरिया, उर्मिला सिपोल्या मेघा बड़ौन्या, अभिषेक मेड़ा बजपुरिया आदि का विशेष योगदान रहा।

# रादुविवि में कर्मचारी संघ का चुनाव दोपहर तक वोटिंग, शाम को नतीजे

**6 बूथों में हो रहा मतदान,475 कर्मचारी डालेंगे वोट, 40 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला**

**जबलपुर,यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ का चुनाव आज हो रहा है। । विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मतदान पर्चियां तैयार करने के साथ ही बूथ बनाए गए हैं। मतदान के लिए कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में छह बूथ बनाए गए हैं। आज सुबह 10 बजे से वोटिंग शुरू हुई । मतदान में 475 कर्मचारी वोट देंगे। लंच के बाद मतगणना होगी और शाम को ही परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। चुनाव अधिकारी प्रो. सुरेंद्र सिंह के मुताबिक रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव में 40 उम्मीदवार मैदान में होंगे। अध्यक्ष के एक पद के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं। उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए आठ, महासचिव के एक पद के लिए तीन, संयुक्त सचिव के एक पद के लिए पांच, कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए चार एवं कार्यकारिणी सदस्य के पांच पदों के लिए 16 प्रत्याशी मैदान में हैं।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
मामजेसिक लिनिमेंट
PAIN KILL OIL
Mamgesic Liniment
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
9826035091
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • छिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफल्ली की लइया
→रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की
→गजक →सिंधी पापड़→चने
Pure & Tasty AK'S Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

# गणतंत्र दिवस के लिए संस्कारधानी तिरंगा मयी विद्युत छटा से जगमग





**जबलपुर, यशभारत। 74 वे गणतंत्र दिवस के लिए संस्कारधानी तिरंगे जैसी सज चुकी है। गौरीघाट सहित शहर के प्रमुख तिराहेऔर चौराहे, सरकारी भवन, कार्यालय आकर्षक विद्युत छटा से जगमग है। इस बार गणतंत्र दिवस अनूठे अंदाज में मनाया जाएगा । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज शाम आगमन होगा। इस बार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जबलपुर में दो दिन रहेंगे और गणतंत्र दिवस के रंगारंग समारोह का शुभारंभ पूर्व संध्या पर मां नर्मदा के तट गौरीघाट के उमाघाट पर महाआरती से करेंगे।**

## आज शाम नर्मदा महाआरती से दो दिन भारत पर्व का आगाज करेंगे सीएम शिवराज , पार्श्व गायक शान बिखेरेंगे देशभक्ति से भरे गीतों के स्वर

25 जनवरी को शाम 7 बजे से महाआरती शुरू होगी। उसके बाद रंग बिरंगी आतिशबाजी और लेजर शो का 3 डी प्रोजेक्शन आयोजन तट पर ही किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयुर्वेद कॉलेज ग्राउंड ग्वारीघाट में होंगे जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रख्यात गायक शान अपने सुरों की सरिता बहाएंगे। इस दौरान वे मध्यप्रदेश गान भी प्रस्तुत करेंगे। अन्य कई रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह गैरिसन ग्राउंड सदर में 26 जनवरी की सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यआतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। मुख्यसमारोह में विभिन्न विभागों की 15 झाकियों के माध्यम से संस्कृति, शासन की योजनाओं को दर्शाया जाएगा। स्कूली बच्चे, स्थानीय कलाकार और आदिवासी कलाकार अनुपम प्रस्तुतियों देंगे। इस दौरान राष्ट्रीय पर्व के साथ कई धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम भी होंगे । 26 जनवरी की शाम आयोजित भारत पर्व का कार्यक्रम आयुर्वेद कॉलेज ग्राउंड ग्वारीघाट में होंगे । सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री सोनू निगम देश भक्ति से लवरेज अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे।



### मुख्य समारोह में नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील

*गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को गैरीसन ग्राउंड सदर में आयोजित किये जा रहे जिले के मुख्य समारोह में नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन ने की है। श्री सुमन ने जिला प्रशासन की ओर से गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य समारोह में नागरिकों को आमंत्रित करते हुए बताया कि सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले इस समारोह में परंपरागत रूप से परेड का आयोजन किया जायेगा। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों एवं शासकीय योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन भी होगा। सीएम की अगवानी को लेकर ग्वारीघाट को आकर्षक साज-सज्जा से सजाया गया है। सीएम ग्वारीघाट में नर्मदा महाआरती में शामिल होंगे। ध्वजारोहण को लेकर गैरिसन ग्राउंड में भी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। जिसका निरीक्षण लगातार कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के द्वारा किया जा रहा है।*

### नगर निगम परिसर में महापौर ''अन्नू'' करेंगे ध्वजारोहण



नगर निगम जबलपुर में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के मुख्य आतिथ्य एवं नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज (रिंकू) के विशिष्ठ आतिथ्य में नगर निगम कार्यालय प्रांगण में प्रातः 07:30 बजे ध्वजारोहरण किया जायेगा। इस राष्ट्रीय पर्व पर समस्त पार्षदगणों एवं नगर निगम के निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रातः 7:20 बजे निर्धारित गणवेश में उपस्थित रहने आदेशित किया है, और समस्त व्यवस्थाओं के लिए अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, के साथ सभी संबंधित अधिकारियों को भी अलग से जिम्मेदारी दी है।

### सीएम के वन टू वन कार्यक्रम



25 जनवरी को मुख्यमंत्री सायं 4 बजे डुमना एयरपोर्ट पर पहुँचेंगे।

सायं 4.45 बजे दमोहनाका के पास मेट्रो हॉस्पिटल के सामने कुचैनी परिसर में मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से लाभान्वित बच्चों से संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे।

लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाओं से संवाद का कार्यक्रम एमएलबी स्कूल प्रांगण में सायं 5.30 बजे होगा।

उमाघाट, ग्वारीघाट में नर्मदा महाआरती में मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

रात्रि 8.40 बजे आयुर्वेद कॉलेज ग्राउंड जाएंगे। जहां प्रख्यात गायक शान की प्रस्तुति होगी।

9.45 बजे सर्किट हाउस नं. 1 में आगमन होगा और रात्रि विश्राम करेंगे।

#### 26 जनवरी के कार्यक्रम

प्रात.8 बजे शारदा नगर रांझी में पौधारोपण करेंगे।

प्रातः9 बजे गैरीसन ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में भाग लेंगे।

दोपहर 12 बजे मॉडल स्कूल में वीआर लैब का उद्घाटन और मध्यान्ह भोजन करेंगे।

शाम को 7.10 बजे आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर ग्वारीघाट में भारत पर्व का कार्यक्रम होगा। जिसमें प्रख्यात गायक सोनू निगम अपनी प्रस्तुति देंगे।

# शहर को जल्द मिलेगा अत्याधुनिक कल्चरल सेंटर



## होटल में होंगे 42 कमरे 900 व्यक्तियों का आडिटोरियम

**जबलपुर यशभारत।** शहर को अत्याधुनिक कल्चरल सेंटर की सौगात जल्द मिलने वाली है। शहर के मध्य घंटाघर के समीप इस सेंटर का काम अपने अंतिम चरणों में हैं. स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. निधि सिंह राजपूत ने बताया कि जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा घंटाघर स्थित 2.5 एकड़ भूमि पर कल्चरल सेन्टर का निर्माण किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु एक सर्वसुविधा युक्त स्थान उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सेन्टर के अंतर्गत 900 व्यक्यिों के लिये ऑडिटोरियम 200-300 व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था वाले दो सम्मलेन हॉल 500 क्षमता के ओपन एक्सिबीसन एरिया ऑफिस एरिया कैफे एवं पार्किंग आदि का निर्माण किया जा रहा है। सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि प्रोजक्ट को ग्रीन बिल्डिंग हेतु पंजीकृत कर डिजाईन को इस तरीके से तैयार किया गया है जिससे यह बिल्डिंग गृहा 5 स्टार रेटिंग की होगी जिससे उर्जा की बचत होगी। उन्होंने बताया कि इस कल्चरल इन्फॉर्मेशन सेंटर की लागत 83.19 करोड़ है।

### 42 कमरों को होटल

सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि परियोजना में 42 कमरों का होटल भी सम्मिलित है जिसमें रेस्टोरेंट बैंक्विट हॉल जिम स्पा जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिससे कल्चरल सेंटर में होने वाले किसी भी आयोजन में ठहरने की व्यवस्था भी समीप में होगी। इस होटल की लागत 15.91 करोड़ है। कल्चरल इन्फॉर्मेशन सेंटर एवं होटल ब्लाक आपस एक ब्रिज के माध्यम से जुड़े होंगे।



## ग्वारीघाट में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

**जबलपुर, यशभारत ।** मध्य भारत मोर्चा ने ग्वारीघाट थाने स्टॉफ के संरक्षण में पवित्र क्षेत्र में शराब बेचे जाने का आरोप लगाया. उच्च अधिकारियों से मामले में ठोस कदम उठाने की मांग की है. वहीं कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मंगलवार को हुये प्रदर्शन में मुख्य रूप से सौरभ यादव, आशीष मिश्रा बल्लू पटैल अब्दुल कय्यूम रितिक कोरी शिवम शिवा छोटू प्रिंस राहुल अहिरवार महेन्द्र दीक्षित बब्लू अग्रवाल कल्लू अग्रवाल रिषभ सुनील मिश्रा मोनू साहू ब्रजकिशोर आसू साहू जानू शर्मा रज्जाक राजा जहफी शीबू जित्तू राशिद फैजल अंशू मोसिन अमन सोनी अभिषेक अग्रवाल बंटी अवस्थी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्रों से सरकारी नौकरी पाने वालों पर कार्रवाई हो

### हाईकोर्ट बार व मप्र जूनियर लायर्स एसो. ने उठाइ आवाज



**जबलपुर, यशभारत।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन व मप्र जूनियर लायर्स एसोसिएशन ने फर्जी जाति प्रमाण पत्रों से सरकारी नौकरी हासिल करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध ने कार्रवाई मांग उठाई है। ।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता प्रशांत अवस्थी व मप्र जूनियर लायर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी ने एक पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति प्राप्त कर उच्च स्थानों पर पदस्थ अधिकारियों को राजनीतिक संरक्षण मिला है। इसी वजह से दस्तावेजी सबूतों के आधार पर शिकायत के बावजूद उन्हें बर्खास्त नहीं कियागया। इस दौरान अधिवक्ता शुभम मिश्रा, आनन्द शुक्ला, वैभव पाठक, अनुपम भट्ट, पंकज तिवारी, गुलाब सिंह, संजीव पचौरी, शिवा पाठक, अजय प्रजापति, शैलेष पाठक, प्रशांत तिवारी मौजूद थे।

## बागेश्वर धाम के भक्त ने श्याम मानव पर ठोका मुकदमा

**जबलपुर यशभारत।** जिला अदालत में बागेश्वर धाम के भक्त जबलपुर निवासी बीच में भीश्मदेव शर्मा ने अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति, महाराष्ट्र के श्याम मानव के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। साथ ही अदालत से सजा सुनाने और जुर्माना लगाने की मांग की है। दरअसल बागेश्वर धाम के भक्त भीष्म देव शर्मा कृषि विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। जिनकी पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री में गहरी आस्था है। उन्होंने अधिवक्ता डॉ रश्मि पाठक के जरिए मामला दायर कराया है और आरोप लगाया है कि श्याम मानव ने निराधार आरोप लगाकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री को मानहानि पहुंचाई है।उन्होंने धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पर आम जनता के साथ छल कर पैसा कमाने के आरोप उक्त पत्रकार वार्ता के माध्यम से लगाए थे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि श्याम मानव जानबूझकर शास्त्री के उक्त राम दरबार में नहीं आया जो इस बात को स्वयं सिद्ध करता है कि उसने आपराधिक मानहानि कर अखिल सनातन हिंदू समाज की भावनाओं को किया है।



जबलपुर के जिला अदालत में केस दायर; सजा सुनाने की मांग

# विश्वहिंदू परिषद के जिला मंत्री और गुर्गो का कहर

### टेक्टर का कलटीवेटर रखने पर पूरे परिवार को लाठियों से पीटा, युवती की रीढ़ की हड्डी टूटी



**जबलपुर, यशभारत।** मंडला में विश्वहिंदू परिषद जिला मंत्री और गुर्गों ने एक परिवार पर जमकर कहर ढाया। पूरे परिवार को घर के अंदर घुसकर लाठियों से मारपीट की गई, जान बचाने के लिए पीड़ित परिवार के लोग मोहल्ले वालों से मदद मांगते नजर आए। घटना में एक युवती की रीढ़ हड्डी टूट गई जिसे नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार की 24 वर्षीय निधि झारिया ने बताया कि वह मंडला महगांव ग्राम पंचायत के रहने वाले है। घर के सामने सरकारी जमीन खाली पड़ी हुई जिसमें कुछ दिन पहले टेक्टर का कल्टीवेटर रख दिया गया था। इसी को लेकर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अमित बैरागी पहुंचे और कल्टीवेटर को उठाने कहने लगे। इस पर छोटे भाई 19 साल प्रिंस झारिया, छोटी बहन प्रियंका झारिया और पिता श्रीराम किशोर झारिया ने कहा कि कुछ दिन बाद अलग करने लगे। इस बात पर अमित बैरागी नाराज हो गया और धमकी देते हुए कहा कि शाम तक कल्टीवेटर अलग नहीं किया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।

#### लाठी-ढंडे लेकर घर में घुस गए एक दर्जन से ज्यादा लोग

पीड़िता निधि राजपूत के अनुसार शाम को अमित बैरागी अपने परिवार के सदस्य और साथियों के साथ लाठी-डंडा लेकर घर में घुस आया और पूरे परिवार को जानवरों की तरह पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने भाई प्रिंस झारिया पहुंचा तो उसे लाठियों से पीटकर घायल कर दिया।

#### कपड़े फाड़े, बाल पकड़कर घसीटा

पीड़िता निधि झारिया ने बताया उसकी मां और छोटी बहन प्रियंका झारिया और उस पर अमित बैरागी और उसके गुर्गों ने हमला करते हुए कपड़े फाड़ दिए, बाल पकड़कर घसीट दिया। अमित के घर वालों ने बहन प्रियंका पर लाठियों से हमला किया जो बेहोश नीचे गिर गई। बहन के रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट होने के कारण मेडिकल जबलपुर में भर्ती कराया गया है।

#### बचाओ-बचाओ पुकाकर दौड़ते रहे पर किसी ने मदद नहीं की

निधि झारिया का कहना है कि विश्वहिंदू परिषद के जिला मंत्री और उसके गुर्गों ने जब घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी वह जान बचाकर मोहल्ले में दौड़ी और बचाओ-बचाओ की आवाज लगाई कोई भी उनकी मदद करने आगे नहीं आया। पीड़िता का कहना है कि पुलिस भी घटना के तीन घंटे बाद पहुंची और शिकायत दर्ज करने में लापरवाही की गई।

# सम्पूर्ण रजक समाज का परिचय सम्मेलन, निःशुल्क आदर्श विवाह कल



**जबलपुर, यशभारत।** सम्पूर्ण रजक समाज का पांचवा युवक-युवती परिचय सम्मेलन, निःशुल्क आदर्श विवाह एवं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 26 जनवरी बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर समन्वय सेवा केन्द्र छोटीलाईन फाटक जबलपुर में सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक सम्पन्न किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह च्अन्नू एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश अग्रवाल नेता प्रतिपक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट दयाराम रजक जी करेंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक राजकुमार रजक जी ने दी एवं समाज के सभी बंधुओं से, माताओं-बहिनों से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम का सफल बनाने की अपील विवेक रजक युवा नगर अध्यक्ष, भगवत प्रसाद रजक, राहुल रजक, निशुतोष मालवीय, छुन्ना रजक, मनोहर रजक, संदीप बाथरे, राजू रजक, सुशील रजक, जगन रजक, गोविंद रजक, प्रेमनारायण बाथरे, काजल रजक, गीता रजक, कुलदीप रजक, सुरेन्द्र रजक, राजेन्द्र रजक, संजीव रजक, शंभू रजक, आनंद रजक, विकास रजक, भरत रजक, संजय मालवीय, कल्लू बाबा आदि ने की है।

### संगीत श्रोता समाज स्थापना दिवस समारोह 27 को

जबलपुर,यशभारत। शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवम संगीत श्रोता समाज सागर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 27 जनवरी को सायं 6 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षगृह में गीत-संगीत से भरी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा । कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों में राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी , राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बालमीकी, विधायक विनय सक्सेना , वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार तिवारी सुमित्रज्ज एवं विशिष्ठ अतिथि अभय तिवारी , डा. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, इंजी.विनोद नयन, श्रीपद कायन्दे एवं कार्यक्रम की अध् यक्षता जादूगर एस. के. निगम करेंगे संगीत श्रोता समाज सागर के अध्यक्ष डॉ. अशोक तिवारी ने संगीत प्रेमियों से एवं पेशन म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है ।

## मुख्यमंत्री कप खो-खो : जबलपुर विजेता



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री संभागीय खो-खो बालक वर्ग का आयोजन रानीताल खेल परिसर में किया गया। जिसमें जबलपुर ने मण्डला को 01 पारी एवं 02 अंकों से विजय प्राप्त कर मुख्यमंत्री कप अपने नाम किया । प्रतियोगिता में संभाग के सात जिलों की टीमों ने भाग लिया, प्रतियोगिता का प्रथम मैच नरसिंहपुर एवं मण्डला के बीच खेला गया जिसमें मण्डला टीम ने 01 अंक और एक पारी से विजय प्राप्त की, द्वितीय मैच कटनी एवं सिवनी के बीच खेला गया जिसमें सिवनी ने 07 अंकों से विजय प्राप्त की. तृतीय मैच छिन्दवाडा एवं बालाघाट के मध्य खेला गया जिसमें बालाघाट 01 अंक एवं 01 पारी से विजय प्राप्त की. इसके पश्चात प्रथम सेमीफाईनल में मण्डला विरुद्ध सिवनी के बीच खेला गया, इस कसमकस मैच में मण्डला ने 01 अंक से विजय प्राप्त की वहीं दूसरा सेमीफाईनल जबलपुर एवं बालाघाट के बीच खेला गया जिसमें जबलपुर को 01 पारी एवं 07 अंकों से विजय प्राप्त की । फाईनल मैच जबलपुर विरुद्ध मण्डला के बीच खेला गया जिसमें जबलपुर ने 01 पारी एवं 02 अंकों से विजय प्राप्त कर मुख्यमंत्री कप अपने नाम किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि म.प्र. खो-खो संघ के संरक्षक पं. योगेन्द्र दुबे, सचिव संजय यादव, विनोद पोद्दार के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में निर्णनायक की भूमिका गिरीशकांत मिश्रा, चन्द्रशेखर स्वामी, वासू कोरी, नैनसी जैन, आफरिन शेख, पूजा वर्मन, मोनिका मेहता ने निभाई। आभार प्रदर्शन गोल्डी गुप्ता तथा मंच संचालन रवि झा ने किया ।

# निजी स्कूलों की जगह अब सरकारी 'स्मार्ट स्कूल' बन रहे हैं पसंदीदा

**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम के स्मार्ट स्कूलों में बच्चों के अर्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणाम देखकर पालकों के लिए सरकारी स्मार्ट स्कूल पसंदीदा बन गए हैं। स्मार्ट स्कूलों की हालत यह है कि निजी स्कूलों से आए बच्चों की शैक्षणिक स्थिति को देखते हुए आगामी सत्र के लिए स्कूलों में सीट बढ़ाने की तैयारियां शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस सत्र में निजी स्कूलों के करीब 70 प्रतिशत बच्चों ने स्मार्ट स्कूलों में दाखिला लिया था।नगर निगम के स्मार्ट स्कूल की सुविधाएं और फीस को देखते हुए अब लोगों ने अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने का मन बना लिया है। शिक्षा सत्र में बच्चों के अध्ययन को देखते हुए अब आगामी सत्र के लिए पालकों ने बच्चों को स्मार्ट स्कूलों में दाखिला दिलवाने की तैयारी कर ली है। उधर, निगम के स्कूलों में भी बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए कक्ष तैयार किए जा रहे हैं। नगर निगम प्रशासन की ओर से संचालित स्मार्ट स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम, फर्नीचर, सफाई, कम्प्यूटर लैब आदि की व्यवस्था है। बढ़ती महंगाई, अधिक फीस और सीमित सुविधाओं के कारण अभिभावक निजी स्कूलों से बच्चों के नाम कटवाकर निगम के स्मार्ट स्कूलों का रुख कर रहे हैं। कोरोना काल में भी इन स्कूलों में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से तकनीक और पढ़ाई का शानदार प्रयोग किया गया था। जिम्मेदारों का कहना है कि शैक्षणिक सत्र में नगर निगम के स्मार्ट स्कूलों में करीब दो हजार छात्र-छात्राएं प्रवेश ले चुके हैं। इसमें से 70 फीसदी छात्र निजी स्कूलों के हैं।

### कलेक्टर ने किया था निरीक्षण

गोविंदगंज कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सहित अन्य स्कूलों का निरीक्षण तात्कालिक कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने किया था। उन्होंने उपलब्ध सुविधाओं को सराहा था।

**केस 1**

रांझी स्थित एलएन यादव उच्च. माध्य. विद्यालय में 300 छात्रों ने इस वर्ष प्रवेश लिया है। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने प्रवेश के लिए आवेदन लिए थे।

**केस 2**

कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय घमापुर में 317 छात्राओं ने प्रवेश लिया है। यहां जगह सीमित होने की वजह से प्रवेश पर रोक लगा दी थी।

**केस 3**

गोविंदगंज स्थित कन्या उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय में इस साल 407 छात्राओं ने प्रवेश लिया है। जगह सीमित होने के कारण प्रवेश आगे प्रवेश नहीं दिया जा सका।

# इमरजेंसी वाहनों को रास्ता ना देने पर 10 हजार जुर्माना, हेलमेट ना लगाने पर 300 रुपए

## कैबिनेट में मोटरयान अधिनियम के अनुरूप शुल्क संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी



**भोपाल ,यशभारत।** प्रदेश में नौ साल बाद यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वसूले जाने वाले अर्थदंड में वृद्धि की गई है। पहली बार आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने पर दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाए जाने का प्रावधान किया गया है। बिना हेलमेट वाहन चलाने पर अब ढाई सौ के स्थान पर तीन सौ रुपये अर्थदंड लगेगा। मोटरयान अधिनियम के अनुरूप शुल्क संशोधन के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई। परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के उद्देश्य से नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अर्थदंड की दरों को नए सिरे से निर्धारित करना प्रस्तावित किया था। दो बार प्रस्ताव पर विचार करने के बाद इसे सरकार ने मंजूरी दी है।

### अब नए नियमों में यह होगा

- सीट बेल्ट, लाइसेंस, पंजीयन, बीमा, तेज गति से वाहन चलाने पर लगने वाले अर्थदंड को यथावत रखा गया है। फर्राटा दौड़ में बिना अनुमति भाग लेने पर पहली बार में पांच हजार और उसके बाद दस हजार रुपये अर्थदंड लगेगा।
- ओवर लोडिंग कर सड़कों को नुकसान पहुंचाने पर एक हजार रुपये की जगह दस हजार रुपये अर्थदंड वसूला जाएगा। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रथम अपराध पर एक हजार और परिवहन यानों पर पांच हजार तथा इसके बाद दस हजार रुपये अर्थदंड लगाया जाएगा।
- अतिरिक्त सवारी ढ़ोने पर भी डेढ़ हजार रुपये अर्थदंड वसूला जाता था। इसे घटाकर प्रति यात्री दो सौ रुपये किया गया है। इसी तरह ठेका गाड़ी द्वारा सवारी ले जाने से इंकार करने पर पांच सौ रुपये को कम करके दो पहिया व तीन पहिया वाहन के लिए पचास रुपये और अन्य वाहनों पर पांच सौ रुपये किया गया है।
- बिना टिकट सवारी ढोने पर एक हजार के स्थान पर पांच सौ रुपये का दंड लगेगा।

### बिना लाइसेंस वालों की खैर नहीं

बिना लाइसेंस परिवहन वाहन चलाने पर अब तीन हजार के स्थान पर पांच हजार, अयोग्य व्यक्ति द्वारा मंजिली वाहन चलाने, परिचालन के लिए परमिट प्राप्त करने पर एक हजार के स्थान पर दस हजार, मोटरयान के पुर्जे संबंधी प्रविधान का उल्लंघन करने पर एक लाख रुपये, मूल पुर्जे के स्थान पर दूसरे लगवाने पर पांच हजार प्रति परिवर्तन, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने पर गैर परिवहन यान पर डेढ़ हजार के स्थान पर एक हजार और दूसरे बार अपराध प्रमाणित होने पर दो हजार, परिवहन यान के मामले में तीन हजार के स्थान पर दो हजार और दोबारा अपराध प्रमाणित होने पर दस हजार रुपये अर्थदंड वसूला जाएगा। बिना परमिट वाहन के उपयोग पर दो पहिया व तीन पहिया वाहन पर दो हजार, हलके वाहन पर पांच हजार और मध्यम व भारी यान पर दस हजार रुपये अर्थदंड लगेगा। तौल कराने से इन्कार करने पर पांच हजार के स्थान पर बीस हजार रुपये अर्थदंड वसूला जाएगा।

### नगरीय निकायों में निर्माण के लिए नई योजना को मंजूरी

नगरीय निकायों में सड़क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सफाई, उद्यान, सामुदायिक भवन, रैन बसेरों के निर्माण सहित अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए सरकार मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना विकास योजना लागू करेगी। इसके लिए आठ सौ करोड़ रुपये का प्रविधान किया जाएगा। यह योजना दो वर्ष के लिए होगी। अभी दो सौ करोड़ रुपये का प्रविधान है।

### स्व-सहायता समूहों को दो प्रतिशत अतिरिक्त मिलेगा ब्याज अनुदान

आजीविका मिशन से जुड़े स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण पर दो प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जाएगा। अभी तीन प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। समूहों को बैंक ऋण पर सात प्रतिशत की दर से ब्याज लगता है। मुख्यमंत्री ने अनुदान बढ़ाने की घोषणा की थी, जिसके पालन में यह निर्णय लिया गया है। सरकार पर चार वर्ष में 243 करोड़ रुपये का ब्याज अनुदान देगी।

### हादसे के डेढ़ साल बाद नया विमान खरीदने का निर्णय

छह मई 2021 को राजकीय विमान के ग्वालियर में विमानतल पर दुर्घटनाग्रस्त होने के डेढ़ साल बाद सरकार ने मंगलवार को नया विमान खरीदने का निर्णय कर लिया। अमेरिका की विमान निर्माता ट्रेक्सटान एविएशन कंपनी से यह 183 करोड़ रुपये में खरीदा जाएगा। यह सात सीटर होगा।

# कमलनाथ बोले, आदिवासियों का डीएनए कांग्रेस का है, 18 साल में भाजपा ने सुध तक नहीं ली



**भोपाल यशभारत।** आदिवासी किसी भी संगठन से जुड़ा हो, उसका डीएनए कांग्रेस का ही है। 18 साल से मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है लेकिन कभी इनकी सुध नहीं ली गई। जब हमने इनके हित में योजनाएं बनाई और काम किया तो भाजपा भ्रमित करने के काम में जुट गई है। हमें न केवल सतर्क होकर काम करना है बल्कि भाजपा के दुष्प्रचार का करारा जवाब भी देना है। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के आदिवासी विभाग की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि आदिवासी वर्ग का प्रदेश की 120 सीटों पर प्रभाव है। आज की राजनीति स्थानीय हो गई है।भाजपा समाज में विभाजन करने की नीति चल रही है। आप सभी को इससे सावधान रहकर समाज को जागरुक करने का काम करना होगा। चुनाव में अब कम समय बचा है इसलिए पूरी ताकत से तैयारी में जुट जाएं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया ने कहा कि आदिवासी वर्ग हमेशा से कांग्रेस के साथ रहा है। हमें भाजपा की आदिवासी विरोधी नीतियों का खुलकर विरोध करना चाहिए और सड़क से सदन तक उनके हितों की रक्षा के लिए एकजुटता के साथ खड़े होकर संघर्ष करना होगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस आदिवासी विभाग के अध्यक्ष ओमकार मरकाम ने कहा कि आदिवासी वर्ग के कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं और लगातार अत्याचार हो रहा है। इसके विरोध में जन-जागरण का काम किया जाएगा।

### मतदान केंद्र स्तर पर काम करे सेवादल

उधर, मध्य प्रदेश सेवादल के मुख्य संगठन योगेश यादव के पदभार कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सेवा दल को मतदान केंद्र स्तर पर काम करना होगा। आज हमारा मुकाबला प्रदेश की भाजपा सरकार और संगठन से है। हमें पूरी ताकत के साथ मुकाबला करना है। वहीं, योगेश यादव ने कहा कि संगठन सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के साथ ही चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेगा।

### बुधनी के तीन सौ लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कमल नाथ की उपस्थिति में बुधनी विधानसभा क्षेत्र के तीन सौ से अधिक लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में ये भी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे।

# गोह के दो शिकारियों को तीन-तीन साल की सजा, 10-10 हजार का जुर्माना

**भोपाल यशभारत।** बैरसिया के जंगलों से दो गोह को पकड़कर तस्करी कर रहे दो आरोपियों को तीन-तीन साल के कारावास के साथ और 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। मुख्य न्यायिक मजिस्?ट्रेट, भोपाल अमर सिंह सिसोदिया ने भोपाल वन मंडल के बैरसिया परिक्षेत्र में गोह की तस्करी के आरोप में उज्जैन निवासी वकील सीहोर निवासी श्यामू को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 48ए और 51 के तहत दोनों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।



मुखबिर की सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने 13 अगस्त 2016 को विदिशा रोड पर भटखेड़ी चौराहा पुलिया के पास विदिशा की तरफ से आती हुई मोटरसाइकिल को रोका। मोटर साइकिल के किनारे कुछ सामान बंधा हुआ था। मोटरसाइकिल को वकील पुत्र सब्जीनाथ चला रहा था और श्याम पुत्र रमेश पीछे बैठा था। अधिकारियों ने जब सामान की जांच की, तो उसमें कप?ों के अलावा एक प्लास्टिक की बोरी में दो गोह (मानिटर लिजार्ड) जीवित मिलीं। गोह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची एक के अन्तर्गत प्रतिबंधित वन्यप्राणी है। जिसके बाद मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी30 एमसी 0705 को जप्त कर दोनों गोह को कब्जे में लिया गया। मौके का पंचनामा तैयार दोनों की गिरफ्तारी और अपराध पंजीबद्ध किया गया था।गोह एक प्रकार का सरिसृप है, जो स्क्वामेटा गण के वैरानिडी कुल के जीव हैं। यह जीव छिपकली की तरह दिखता है, लेकिन उससे बहुत बड़ा होता है। इन्हें आमतौर पर बहुत जहरीला माना जाता है, लेकिन यह बहुत जहरीले नहीं होते हैं। इनका उपयोग कुछ लोग खाने के लिए और शक्तिवर्द्धक दवाओं में भी करते हैं। इस कारण इनकी तस्करी की जाती है। लगातार हो रहे अवैध शिकार से इनकी संख्या लगातार कम होती जा रही है।

# उप्र, बिहार, इंदौर के बाद भोपाल था निशाने पर, बुजुर्ग महिलाओं को ठगने वाले छह ठग गिरफ्तार

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के हनुमानगंज इलाके में 70 वर्षीय वृद्ध महिला से जेवर लेकर नकली नोटों की गड्डी देकर ठगी करने वाले गिरोह के छह सदस्यों को हनुमानगंज पुलिस ने देवास से गिरफ्तार किया है। इस शातिर गिरोह ने हनुमानगंज के अलावा इंदौर, उप्र और बिहार में धोखाधड़ी की 17 वारदातों को अंजाम दिया है। करीब 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद पुलिस आरोपितों तक पहुंची। पुलिस ने उनसे छह लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं।पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल ने बताया कि छोला मंदिर निवासी सरजूबाई साहू (70) हनुमानगंज इलाके में सुपारी काटने का काम करती हैं। 19 जनवरी की सुबह 11 बजे वह दुकान पर पहुंचीं तो दुकान बंद थी। तभी दो युवक उनके पास पहुंचे और कहने लगे कि उन्हें सोने के जेवर लेने हैं, लेकिन यह शहर उनके लिए अनजान है। उन्होंने बताया कि उनके पास 500-500 रुपये के नोटों की गड्डी है, जो कपड़े में लिपटी थी। इतनी अधिक रकम देखने के बाद कोई छीन न ले। उन्होंने सरजूबाई को झांसा दिया कि यह रकम आप ले लो और हमें अपने जेवर दे दो। कपड़े में लिपटे नोटों को उन्होंने चार लाख रुपये बताए। सरजूबाई उनके झांसे में आ गई। पास की गली में जाकर दोनों युवकों ने उनका मंगलसूत्र, कान की झुमकी उतरवा लिए। बाद में जब वृद्धा ने कपड़े को खोला तो उसमें नोटों की गड्डी की जगह कागज के टुकड़े निकले। इस पर हनुमानगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।



### दिल्ली से आया था गिरोह

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि यह गिरोह दिल्ली से भोपाल के लिए निकला था। मंगलवारा स्थित होटल में फेरी लगाने वाले बनकर दो लोग ठहरे थे। 19 को वारदात करने के बाद गिरोह इंदौर गया, वहां दो दिन में लगातार दो ठगी की वारदातों को अंजाम दिया। इसके बाद उज्जैन पहुंचा। उज्जैन के बाद गिरोह देवास में रुका था। इसके पूर्व आरोपितों ने उप्र में एक और बिहार में 11 ठगी की वारदातों का अंजाम दिया है। हनुमानगंज थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि करीब 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद आरोपितों का सुराग लगा। उन्होंने होटल में अपना आइडी कार्ड लगाया था। इस आधार पर उनकी पहचान लाल सोलंकी (27), शिवा सोलंकी (21), संजू सोलंकी (23), राहुल उर्फ रोहित सोलंकी (19) व देबू सोलंकी निवासी दिल्ली और गोपाल परमार (22) निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई। वे गत डेढ़ साल से ठगी कर रहे थे।

# बाघों की संख्या बढ़ाने पर पेंच पार्क को टाइगर कंजर्वेशन और सतपुड़ा को संरक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार

**भोपाल,यशभारत।** 13 साल में बाघों की संख्या बढाकर दोगुना से अधिक करने पर मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र पेंच टाइगर रिजर्व को संयुक्त रूप से टाइगर कंजर्वेशन पुरस्कार के लिए चुना गया है। जबकि बाघ संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को उत्कृष्टता पुरस्कार दिया जाएगा। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल यूनियन फार कंजर्वेशन आफ नेचर (आइयूसीएन) और वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) संस्था संयुक्त रूप से देती हैं। पुरस्कार कब दिया जाएगा, इसकी अभी सूचना नहीं दी गई है। पेंच टाइगर रिजर्व ने संयुक्त रूप से बाघों की संख्या में वृद्धि के लिए नामांकन किया था। जिसमें बताया गया कि पार्क के महाराष्ट्र राज्य के क्षेत्र में वर्ष 2008-09 में नौ बाघ थे, जो वर्ष 2021 में ब?कर 44 हो गए हैं। जबकि पार्क के मध्य प्रदेश वाले हिस्से में वर्ष 2006 में 33 बाघ थे, जो वर्ष 2018 में बढ़कर 87 हो गए। दोगुना से अधिक बाघ होने पर संस्थाओं ने इस पार्क को टाइगर कंजर्वेशन पुरस्कार के लिए चुना है। ऐसे ही बेहतर प्रबंधन के कारण सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या तीन गुना तक पहुंच गई है। वर्ष 2010 में पार्क में 13 बाघ थे, जो बढ़कर वर्ष 2021 में 48 हो गए। संस्थाओं ने इसे पुनर्निर्माण (रिवाइल्डिंग) का शानदार उदाहरण माना है।

# भोपाल के नौ अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं रेलवे कर्मचारी

**भोपाल यशभारत।** रेलवे अस्पताल के अलावा भी रेल कर्मचारी व उनके परिजन रेलवे से अनुबंधित अस्पतालों में जाकर अपना इलाज करवा सकते हैं। पश्चिम मध्य रेल ने 49 अस्पतालों को रेलवे कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए अनुबंधित किया है। भोपाल में भी ऐसे नौ अस्पताल हैं, जिनमें जाकर रेल कर्मचारी अपना इलाज करवा सकते हैं। भोपाल के अलावा जबलपुर में 23, कोटा में आठ, सागर में दो, सवाई माधोपुर, गंगापुर, फरीदाबाद, नई दिल्ली, गाजियाबाद, कटनी और सतना में एक-एक अस्पताल में जाकर रेल कर्मचारी अपना इलाज करवा सकते हैं। अनुबंधित अस्पतालों में कोई भी रेल कर्मचारी, रिटायर रेल कर्मचारी जाकर चिकित्सीय विशेषज्ञ की ओपीडी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे, लेकिन इसके लिए ओपीडी के मात्र 150 रुपए तक की रसीद कटवाना होती है। इसके अलावा रेलवे अस्पतालों में भी ओपीडी की सुविधा जारी रहेगी।

### इस तरह से करा सकेंगे इलाज

निजी अनुबंधित अस्पतालों में भर्ती होने के लिए रेलवे कर्मचारियों को रेलवे अस्पताल से रेफर किया जाता है। आकस्मिक स्थिति में सीधे अनुबंधित अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंच सकते हैं। इसके लिए प्राइवेट अस्पताल



रेल कर्मचारी को इमरजेंसी सर्टिफिकेट जारी करते हैं। जिसके आधार पर रेलवे के डाक्टर मरीज को बाद में भी रेफर कर सकते हैं। किसी कारण से या इमरजेंसी प्रूफ न होने की स्थिति में भर्ती मरीज का पूरा इलाज सीजीएचएस की सस्ती दरों पर मरीज से भुगतान लेकर किया जाता है। हालांकि इलाज के लिए रेलवे कर्मचारी को उम्मीद कार्ड दिखाकर अपना या अपने परिजन का इलाज करवाना होता है।

### विशेषज्ञों से ले सकेंगे ट्रीटमेंट

अनुबंधित अस्पतालों में कर्मचारी कैंसर, ह्रदय रोग, उदर रोग, अस्थि रोग सहित ट्रामा अस्पतालों में जाकर बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ ले सकते हैं। रेलवे के अस्पतालों में सभी रोगों के विशेषज्ञ रोग न होने और आधुनिक सुविधाओं के अभाव में रेल कर्मचारी अनुबंधित अस्पतालों में जाकर बेहतर चिकित्सा सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

# पुलिसकर्मी की चार साल की बेटी की मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने बढ़ाया संशय

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के रातीबड़ इलाके में चार साल की एक मासूम बालिका की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। वह अपने घर में बेसुध हालत में मिली थी। स्वजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी मौत हो गई। बाद में पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो उसमें संदिग्ध जहर आया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसके शरीर में जहर कैसे आया? बच्ची के पिता पुलिस में हवलदार है। पुलिस के मुताबिक विशाल नगर रातीबड़ में रहने वाली चार साल की इशिता सिंह केजी एक में पढ़ती थी। पुलिस को हजेला अस्पताल से सूचना मिली थी कि एक चार साल की बच्ची की मौत हुई है। इस पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर बच्ची के शव को बरामद कराया। बच्ची के पिता जयप्रकाश सिंह साइबर पुलिस में हवलदार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बच्ची कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उसका इलाज भी चल रहा था। पुलिस ने बच्ची की दवाओं के साथ इलाज के पर्चे बच्ची के स्वजनों से मांगे हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर बच्ची के शरीर में जहर कैसे पहुंचा और उसकी मौत किस जहर से हुई है। पुलिस ने बच्ची का बिसरा भी सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

# भारत छह करोड़ रुपये में कराएगा अंतरिक्ष की सैर

### इसरो अध्यक्ष ने कहा, भोपाल में आठवें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के समापन में शामिल हुए इसरो अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ।



**भोपाल यशभारत।** दुनिया के कुछ बड़े देशों में अंतरिक्ष पर्यटन का दौर आरंभ हो चुका है। भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अपनी ही धरती से स्वदेशी राकेटों के जरिए अपने बनाए और अन्य देशों के उपग्रहों को अंतरिक्ष में विदा करने के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली है। यही नहीं, अंतरिक्ष पर्यटन (स्पेस टूरिज्म) की शुरुआत होने वाली है। यह बात इसरो के अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ ने मंगलवार को मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में आयोजित आठवें भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आइआइएसएफ) के समापन अवसर पर कही। उन्होंने बताया कि इसके लिए टूरिज्म व्हीकल का निर्माण किया जा रहा है। यह वाहन निजी कंपनियों की सहायता से बनाया जा रहा है। अंतरिक्ष में यात्रा का आनंद लेने के लिए पर्यटकों को छह करोड़ रुपये खर्च करने पड़ेंगे।डा. सोमनाथ ने कहा कि भविष्य में अंतरिक्ष यान को भेजने के लिए मीथेन गैस का ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए नए इंजनों का निर्माण किया जा रहा है। चंद्रमा और मंगल पर भेजे जाने वाले यानों में भी मीथेन का उपयोग किया जाएगा। दरअसल, यह भविष्य का ईंधन है, जिसका इस्तेमाल कई तरह से लाभकारी रहेगा।अंतरिक्ष विज्ञान में हुए शोध मानव समाज की भलाई के लिए हैं। उन्होंने बताया कि गगन यान इसी वर्ष अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सचिव डा. एस चंद्रशेखर, मप्र के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, परिषद के महानिदेशक डा. अनिल कोठारी उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

### वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विज्ञान की अहम भूमिका

तोमर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को जो स्थान प्राप्त हुआ है, उसमें विज्ञान की अहम भूमिका है। आज खेती-किसानी के क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का महत्व बढ़ गया है। 2014 में विज्ञान का बजट दो हजार करोड़ था, जिसे अब बढ़ाकर छह हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है।

# युवा बजट लाएगी मध्य प्रदेश सरकार

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश सरकार चाइल्ड बजट की तरह अब युवा बजट लाएगी। इसको लेकर युवाओं से सुझाव लिए जा रहे हैं और अलग-अलग स्तर पर चर्चा भी की जा रही है। आगामी 20 फरवरी को भोपाल के जंबूरी मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चौहान युवाओं को संबोधित करेंगे और इसी कार्यक्रम में युवा नीति लाई जाएगी। इसके अलावा युवा बजट को लेकर अधिकारियों से विचार विमर्श किया जा रहा है। अलग-अलग कार्यक्रम कर युवाओं से चर्चा करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इनमें अलग-अलग क्षेत्र में कार्यरत विषय विशेषज्ञ युवाओं को प्राथमिकता में रखा गया है। इस वर्ष मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं के विकास पर बार-बार जोर दे चुके हैं। इसी को देखते हुए मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं पर फोकस करते हुए बजट तैयार करने के निर्देश दिए हैं और युवाओं के लिए अलग से बजट बनाने को कहा है।

# छाने लगे बादल, आज भोपाल में वर्षा के आसार

**भोपाल यशभारत।** अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय तीन मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं का रुख दक्षिणी हो गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हवा के साथ नमी आने के कारण बादल छाने लगे हैं। ग्वालियर, चंबल संभाग में कहीं-कहीं वर्षा भी हुई है। बुधवार से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, सागर, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा होने के आसार हैं। बादलों के कारण दिन के तापमान में गिरावट भी होगी। उधर, मंगलवार को मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 32.7 डिग्री सेल्सियस तापमान उमरिया में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह गुना, रतलाम, शिवपुरी और छतरपुर जिले में हल्के से मध्यम कोहरा रहा। न्यूनतम तापमान ग्वालियर संभाग में काफी बढ़े एवं शेष संभागों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। न्यूनतम तापमान रीवा और सागर संभाग में सामान्य से विशेष रूप से अधिक रहा। भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम और शहडोल संभाग में सामान्य से काफी अधिक रहे। शेष संभागों में सामान्य से अधिक रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। राजस्थान पर एक प्रेरित चक्रवात मौजूद है। इसके अतिरिक्त एक प्रति चक्रवात पश्चिम बंगाल के आसपास बना हुआ है। बादल बने रहने और उत्तरी हवा नहीं चलने के कारण पूरे प्रदेश में रात के तापमान में बढ़ोतरी हो गई है।

# नगर निगम के आवासीय परियोजना में घर खरीदने वाले हितग्राही परेशान

## निर्माण में गुणवत्ता नहीं होने से दीवार में आ रही दरारें, उखड़ रहा प्लास्टर

**भोपाल यशभारत।** राजधानी में आवासहीनों को मकान देने के लिए नगर निगम एक दर्जन से अधिक आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इनमें राहुल नगर फेस दो, कोकता और मालीखेड़ी समेत अन्य स्थानों पर लोगों को मकान भी आवंटित कर दिए गए हैं। लेकिन यहां मकान खरीदने के बाद लोग पछता रहे हैं। इसका कारण इमारत के निर्माण में गुणवत्ता की कमी है। जिससे दीवारों का प्लास्टर उखड़ रहा है, एक वर्ष के अंदर ही इनमें दरारें आ गई हैं। हर माह मेंटेनेंस शुल्क देने के बाद भी रहवासियों को लिफ्ट, स्ट्रीट लाइट और साफ-सफाई समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। बता दें कि कोकता आवासीय परियोजना के तहत स्लम और नाल स्लम के लिए 2880 मकान बनाए गए हैं। इनमें एलआइजी के 432 और एमआइजी के 432 फ्लैट बनाए गए हैं। जबकि 2016 फ्लैट वन बीएचके हैं। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना और हाउसिंग फार आल के तहत हितग्राहियों को आवंटित किया गया है। रहवासियों का आरोप है कि प्रति परिवार 700 रुपये महीना मेंटेनेंस चार्ज जमा करते हैं। यह पैसा नगर निगम के खाते में जमा होता है। इस पैसे में जलापूर्ति शुल्क, ठोस अपशिष्ठ प्रभार, लिफ्ट मेंटेनेंस और कैंपस का बिजली बिल, सुरक्षा के लिए गार्ड और इमारतों का संधारण समेत अन्य शुल्क शामिल हैं। लेकिन पूरा पैसा जमा करने के बाद भी आवंटियों को आधी-अधूरी सुविधाएं मिल रही है। यही हाल राहुल नगर फेस दो और मालीखेड़ी में घर खरीदने वाले रहवासियों का है।



### बिजली गुल होने पर लिफ्ट के लिए जनरेटर नहीं

राहुल नगर फेस दो में बनाई गई बहुमजिला इमारतों में रहवासियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाई गई है। लेकिन यहां बिजली गुल होने पर वैकल्पिक जनरेटर की व्यवस्था नहीं होने से कई बार यात्री इसमें फंस जाते हैं। यहां गार्ड भी नहीं रहता है। जिससे लिफ्ट के अंदर ही रहवासी परेशान होते रहते हैं। वहीं साफ-सफाई नहीं होने से परिसर में कचरे का ढेर लगा रहता है। सीवेज की पाइप लाइनें टूटने से लोगों के घरों में गंदा पानी टपकता है। बतादें कि यहां एलआइजी फ्लैट की कीमत 11 लाख और एमआईजी की 22 लाख रुपये वसूल की गई है। वहीं हर महीने 700 रुपये मेंटेनेंस शुल्क वसूला जा रहा है।

### नगर निगम की आवासीय परियोजनाओं में अन्य समस्याएं

साफ-सफाई नहीं होने से परिसर में कचरे का ढेर लगा रहता है। राहुल नगर में पार्क और कम्युनिटी हाल नहीं बनाया गया। कोकता में पार्क और कम्यूनिटी हाल होने के बाद भी बदहाल है। सुरक्षा गार्डों की कमी होने से चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। परिसर में स्ट्रीट लाइट के लिए खंबे लगे, लेकिन लाइट नहीं लगाई गई।कोकता में लिफ्ट लगने के बाद शुरु नहीं की गई है।

### इनका कहना

मेरे दोनों पैर काम नहीं करते हैं। रोजगार का साधन नहीं होने के बावजूद मेंटेनेंस जमा करते हैं। लेकिन लिफ्ट और अन्य सुविधाएं नहीं मिलने से परेशान होना पड़ रहा है।

**- मुन्ने खां, कोकता ट्रासंपोर्ट नगर**

हम किराए के घर में रहे रहे हैं। बीते छह महीने से एडवांस में मेंटेनेंस शुल्क चुका रहे हैं। लोन कि किश्तें भी बराबर दे रहे हैं। लेकिन सुविधा नहीं होने से यहां शिफ्ट नहीं हो रहे।

**-पवन अग्रवाल, कोकता ट्रासंपोर्ट नगर**

एक वर्ष पहले हाउसिंग फार आल के तहत 11 लाख रुपये में एक बीएचके फ्लैट खरीदा था। लेकिन गुणवत्तापूर्ण काम नहीं होने से दीवार से प्लास्टर उखड़ने लगा, दरारें भी आ गई।

**- विशाल जैन, राहुल नगर फेस- दो**

आवासीय परियोजनाओं में जो भी शिकायत आती है, उसका समाधान किया जाता है। फिर भी यदि कुछ कमी है तो उसे पूरा किया जाएगा।

**- सीपी गोहल, अपर आयुक्त नगर निगम**

# शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय जबलपुर द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम 2023 में सहभागिता



**बरगी नगर यशभारत।** मध्य प्रदेश के 8 जिलों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का आयोजन दिनांक 30.01.2023 से 10.02.2023 तक किया जा रहा है। जबलपुर में पांच खेलों का आयोजन किया जाएगा इन खेलों में आर्चरी खो-खो फेंसिंग साइकलिंग रोड और कलारीपट्टू खेल शामिल किए गए हैं। युवाओं के बीच खेल की संस्कृति को बनाए रखना एवं इसके साथ ही स्कूल में छात्रों के हुनर को तराशने के उद्देश्य से उक्त खेलों के आयोजन में सहभागिता एवं प्रचार प्रसार हेतु शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय मंगेली जबलपुर में भी खेलो इंडिया के आयोजन के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत दिनांक 23.01.2023 को विद्यालय में खेलो इंडिया एंथम का गायन कर प्राचार्य श्री अब्दुल साहिर शेख एवं खेल शिक्षक श्री दीपक राजोरिया एवं श्रीमती काजोल देवी द्वारा छात्र-छात्राओं को खेलो इंडिया 2023 की जानकारी दी गई साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई विद्यालय में आगामी 2 दिवसों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे लोंग जंप हाई जंप खो-खो नींबू रेस एथेलेटिक थैला रेस भाला फेंक शॉट पुट डिस्क थ्रो का आयोजन किया जाएगा साथ ही दिनांक 30 जनवरी से 3 फरवरी तक रानीताल स्पोर्ट्स कंपलेक्स जबलपुर में आयोजित होने वाली खो-खो प्रतियोगिता में भी दर्शक के रूप में समस्त विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।

## श्रीमद्भागवत महापुराण के श्रवण मात्र से सात दिन में मुक्ति होती है प्राप्त

**नरसिंहपुर यभाप्र।** परम् पूज्य श्री हरिहर महाराज जी की कृपा दृष्टि से गृहस्थ संत श्री स्वर्गीय दद्दाजी और गुरुमाता जीज्जी की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण का सौभाग्य का अवसर श्रद्धालु जनों को आशुतोष राणा एवं मित्र मंडली सहित हरिहर शिष्य मंडल के सानिध्य में श्री हरिहर आश्रम बरमान सतधारा में प्राप्त किया जा रहा है। गंगा जी, नर्मदा जी मनुष्य को पाप से मुक्त करती है यह तो निश्चित है किंतु इसका समय निश्चित नहीं है कि कितने समय और जन्मों में मुक्ति प्राप्त होती है, परंतु इस नश्वर संसार में सिर्फ श्रीमद्भागवत महापुराण ही एकमात्र साधन है जिसके श्रवण मात्र से सात दिन में मुक्ति प्रदान करता है।

# स्टेशन में सघन चेकिंग आरपीएफ व जीआरपी द्वारा संदिग्धों से पूछताछ





**जबलपुर यश भारत।** गणतंत्र दिवस को लेकर रेल प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए जबलपुर रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्धों से पूछताछ की गई। चेकिंग के दौरानआरपीएफ प्रभारी निरीक्षक श्री मंसूरी एवं जीआरपी थाना प्रभारी सुनील नेमा ने स्टाफ के साथ प्लेटफार्मों पर गश्त की डॉग स्क्वाड द्वारा संदिग्ध सामान चेक किया। संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ कर स्टेशन एवं सर्कुलेटिंग एरिया के चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस को लेकर आरपीएफ एवं जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं जिसके अनुसार ट्रेनों में भी चेकिंग अभियान चलाया गया। यात्रियों को यात्रा के दौरान जागरूक रहने के लिए कहा गया चेकिंग के दौरान यात्रियों से बताया कि रास्ते में किसी अनजान से कोई खाने पीने की सामग्री न लें। इसमें जहरीला पदार्थ भी हो सकता है। साथ ही रेलवे स्टेशन और ट्रेन में कोई संदिग्ध वस्तु दिखने पर तुरंत इसकी सूचना रेल पुलिस को देने के लिए कहा गया है।

# 65 बोरी धान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**पाटन, यशभारत।** पाटन थाना अंतर्गत सुदामा साहू पिता सीताराम साहू उम्र 45 वर्ष निवासी करारी ने 6 जनवरी थाना पहुँच कर रिपोर्ट दर्ज करायी की वह और उस का परिवार 6 जनवरी को रिश्तेदारी में गया था उसी रात घर के बाहर रखी 270 बोरी धान मैं से 65 बोरी धान चोरी हो गई जिस पर थाना पाटन में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया थाना प्रभारी आसिफ इकवाल ने टीम गठित कर पूरे मामले में संदेही चंद्रभान सिंह लोधी और भूपेंद्र मरकाम से जब पूछताछ की तो उनके द्वारा वाहन द्वश्च 20 द्दड्ड 7757 से ग्राम करारी से धान की बोरियो की चोरी की बात को कबूल किया गया बही चोरी की गई धान को चंद्रभान अपने घर ले गया जिसे घर मे छप्पर के नीचे रख दिया गया मंगलवार को पूरे मामले में पाटन पुलिस द्वारा खुलासा किया गया कि उक्त आरोपियों द्वारा धान की चोरी की गई वही पूरे मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक दुर्गेश मरावी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी भूपेंद्र से जब चोरी के संबंध में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि चोरी के एवज में उसे ?7000 प्राप्त हुए थे जिसमें से ?2500 पुलिस द्वारा भूपेंद्र के पास से जब्त किए गए आरोपियों के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई।

# वॉलमार्ट फाउंडेशन 35 लाख डॉलर से अधिक का निवेश करेगा

**कोलकाता एवं इंदौर, एजेंसी।** वॉलमार्ट फाउंडेशन ने आज मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) ढांचे के माध्यम से छोटे किसानों के सशक्तिकरण के उद्देश्य के लिए तीन नए अनुदानों की घोषणा की। इस अनुदान में मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण और उनकी आय बढ़ाने के लिए ऐक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज़ को 17 लाख डॉलर, मध्य प्रदेश में छोटे और सीमांत किसानों के जीवन में सुधार लाने और महिलाओं को ग्रामीण उद्यमियों के तौर पर आगे बढ़ाने के लिए सृजन को 10.9 लाख डॉलर और मध्य प्रदेश में छोटे किसानों के लिए जीवनयापन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ऐक्शन फॉर सोशल एडवांसमेंट (एएसए) को 11 लाख डॉलर दिए जाएंगे। उम्मीद है कि ये प्रोजेक्ट 39 एफपीओ और 60,000 से ज़्यादा छोटे किसानों तक पहुंचेंगे। जूली गेहरकी, वाइस प्रेसिडेंट एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, वॉलमार्ट फाउंडेशन ने कहा, 5बीते वर्षों के दौरान वॉलमार्ट फाउंडेशन ने भारत में अपने सहयोगियों के माध्यम से छोटे किसानों के जीवनस्तर में सुधार करने और उनके जीवनयापन को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया है। हमने 2018 से इसके लिए 2.5 करोड़ डॉलर से ज़्यादा निवेश किया है। हमें उम्मीद है कि 35 लाख डॉलर के नए अनुदान के साथ ऐक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज़, सृजन और एएसए को अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी और वे स्थायी कृषि मॉडलों के बारे में लोगों को ट्रेनिंग देकर एफपीओ स्थापित करने और उन्हें सशक्त बनाने के अपने प्रयासों को गति दे सकेंगे।

इससे एफपीओ ग्रामीण आय को बढ़ाने में मदद कर सकेंगे और सामूहिक शक्ति के दम पर किसानों को बाज़ार का बेहतर ऐक्सेस मिल सकेगा।

## दोहरीकरण रेल लाइन कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

**जबलपुर यशभारत।** औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े रेल लाइन परियोजनाओं को पश्चिम मध्य रेल अधोसरंचना निर्माण कार्य को गति प्रदान कर रहा है। पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के कटनी-सिंगरौली रेल खंड पर खन्नाबंजारी से महरोई स्टेशन के मध्य लगभग 12 किलोमीटर दोहरीकरण रेल लाइन कार्य का रेल संरक्षा आयुक्त, (मध्य वृत) मुंबई मनोज अरोरा द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एवं मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और इंजीनियरिंग, परिचालन, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कटनी-सिंगरौली रेल खंड पर इरकॉन के समस्त फील्ड अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने इस रेलखंड पर संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े ट्रैक, ब्रिजों, स्टेशन, संसाधनों, ओएचई लाइन, सम्बद्ध उपकरण तथा सिगनलिंग आदि का निरीक्षण किया और उनके कार्य क्षमता को परखा। इस रेलखण्डों पर सभी प्रकार के रेलवे मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य किया गया है। खन्नाबंजारी से महरोई स्टेशन रेलखण्ड पर 2 रेलवे स्टेशनों खन्नाबंजारी एवं महरोई स्टेशनों का भी संरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया। साथ ही खन्नाबंजारी से महरोई स्टेशन के मध्य रेलखण्ड पर मेजर ब्रिज और छोटे ब्रिज का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को देखा साथ ही स्पीड ट्रायल भी किया गया। इस रेलखण्ड के कमीशन होते ही गाड़ियों का परिचालन सुगम हो जाएगा।

# नरेन्द्र राजपूत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त



**नरसिंहपुर यभाप्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मप्र के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को सूची जारी की गई है। जिसके मुताबिक जिला कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर का अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत को बना गया है। श्री राजपूत कमलनाथ समर्थक माने जाते है। कांग्रेस विभिन्न पद के दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके श्री राजपूत पूर्व में पार्षद भी रह चुके है। जिला अध्यक्ष बनने पर नरेन्द्र राजपूत को कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्थानीय इंद्रा समारक पर पुष्पमाला। पहनकर स्वागतं सम्मान कर शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम के पश्चात नगर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर श्री राजपूत एवं कांग्रेजनों के द्वारा माल्यार्पण किया।

# माल डिब्बा मरम्मत कारखाना का आधुनिकीकरण कार्य पूर्णता की ओर



**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल के कोटा मण्डल में माल डिब्बा मरम्मत कारखाने के आधुनिकीकरण का कार्य किया जा रहा है द्ध जिसका लगभग 82 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है एवं माह जून 2023 तक इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है द्ध इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने हेतु कोटा कारखाने के अधिकारियों एवं मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली के अधिकारियों द्वारा सयुक्त रूप से मोनिटरिंग की जा रही है द्ध इस कार्य की कुल लागत 82.64 करोड़ है जिसमे से अभी तक 68.08 करोड़ रुपये व्यय किये जा चुके है द्ध इस कार्य के अंतर्गत वर्तमान में न्यू टैंक वर्कशॉप का कार्य पूरा कर लिया गया है एवं मेजर रिपेयर वर्कशॉप का कार्य और मेजर रिपेयर वर्कशॉप से सम्बंधित ऑफिस बिल्डिंग का कार्य प्रगति पर है द्ध मुख्य कारखाना प्रबंधक सुधीर सरवरिया ने बताया कि न्यू टैंक शॉप से टैंक वैगनों की पीरिओडिक ओवरहालिंग परीक्षण की क्षमता में वृद्धी होगी एवं मेजर रिपेयर शॉप से अन्य वैगनों की पीरिओडिक ओवरहालिंग की क्षमता में वृद्धी होगी द्ध इन वैगनों को सीमेंट, खाद, खाद्यान्न एवं पेट्रोलियम उत्पाद के परिवहन के लिए प्रयोग किया जाता है द्ध वैगनों की पीरिओडिक ओवरहालिंग की क्षमता में वृद्धी से वैगनों की यातायात के लिए उपलब्धतता बढेगी जिससे रेलवे के राजस्व में वृद्धी होगी।

## प्रताप वार्ड पनागर में श्रीमद्भागवत कथा का लाभ ले रहे श्रद्धालु

### -रुक्मणि विवाह बड़ी धूमधाम से मनाया



**पनागर, यशभारत।** प्रताप वार्ड पनागर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है आज की कथा भगवान का विवाह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया,ढोल नगाड़े के साथ बारात कथा पंडाल पर आई फिर रुकमणी जी द्वारा वरमाला पहनाई गई भक्तों द्वारा पैर पूजन किया गया कथा के पंडाल में बड़ी धूमधाम मची रही वृंदावन के पंडित अरविंद शास्त्री महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा है जिसमें प्रसाद भोग भंडारे के साथ संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम आयोजन कर्ता जजमान चंद्रकुमार शुक्ला,श्रीमती अंगूरी शुक्ला द्वारा कथा सुनी जा रही है जिसमें प्रीति राय पार्षद,शीतल कुशवाहा पार्षद,प्रियंका शर्मा पार्षद,मुकेश शुक्ला,बसन्त तिवारी,जितेंद्र शुक्ला,सुनीता मिश्रा,गोलू मिश्रा,प्रभात शुक्ला,शेखर अवस्थी,गौरव तिवारी सहित अनेक जन कथा का आनंद ले रहे है।

## शिशु मंदिर संचालन समिति के चुनाव सम्पन्न

**गाडरवारा(यशभारत)** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर गाडरवारा की संचालन समिति श्री सरस्वती शिक्षा प्रतिष्ठान के त्रिवार्षिक चुनाव सरस्वती शिक्षा परिषद महाकौशल प्रांत के पदाधिकारियों विष्णुकांत एंव राघवेन्द्र शुक्ला व संस्था अध्यक्ष पूर्व विधायक नरेश पाठक सभापति की देखरेख में सर्वसम्मति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए जिसमें देवकिशन सोनी मुन्ना भैय्या अध्यक्ष, गोपाल मालपानी उपाध्यक्ष, मुरली मालानी सचिव, नरेंद्र राय सहसचिव, ओमप्रकाश काबरा कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी में संतोष शर्मा, सुरेश ममार, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, अनुप जैन, अशोक मोलासरिया, अजय जैन चुने गए।

सभा की सहमति से समिति के अनुभवी और वरिष्ठ सदस्यों नरेश पाठक पूर्व विधायक निर्वतमान अध्यक्ष,सुरेश राठी, घनश्याम राजपूत, अशोक लूनावत, जगदीश पालीवाल, राजेश जैन शरद मोलासरिया, व श्रीमती शशि नगीन कोचर को संरक्षक मंडल के सदस्य सर्व सम्मति से बनाया गया।निर्वाचन उपरांत अवकाश ले रहे अध्यक्ष पाठक जी ने सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विध्दालय के सर्वांगीण विकास के लिए सतत रूप से सभी सदस्यों को अपना तन मन धन से समर्पित योगदान सहयोग करने का आग्रह किया गया सचिव देवकिशन सोनी ने अपने सचिवीय कार्य काल में जिम्मेदारी के निर्वहन में सभी के यथायोग्य सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए त्रुटि के लिए क्षमा चाही गई अंत में समिति के समर्पित और चिंता करने वाले संतोष शर्मा कोषाध्यक्ष दूध डेरी वालो की माताजी श्रीमती भागवतीदेवी शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धासुमन अर्पित किए गए। सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित समिति को बधाईयाँ और सहयोग बनाए रखने के लिए आश्वस्त किया परिषद पदाधिकारियों ने स्थानीय समिति की सराहना की।

# जल्दबाजी में जेवर से भरा बैग महिला स्टेशन में भूल गई

## पड़ताल के बाद जीआरपी ने किया सुपुर्द



**जबलपुर यश भारत।** ट्रेन में जल्दबाजी के चक्कर में चढ़ने के कारण एक महिला अपना जीव रातों से भरा बैग स्टेशन में भूल गई यह तो अच्छा हुआ कि उक्त बैग गाडरवारा जीआरपी के हाथ लग गया जिसे पूरी पड़ताल के बाद जीआरपी ने संबंधित को उक्त बैग सुपुर्द कर दिया इस संबंध में गाडरवारा जीआरपी थाना प्रभारी राजेश राज ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को लेकर स्टेशन में सघन चेकिंग अभियान चल रहा था एक महिला यात्री नौशीन फातिमा गाडरवारा से पिपरिया की यात्रा के लिये रेल्वे स्टेशन गाडरवारा आयी थी। जो अपना एक लेडीज बैग प्लेटफार्म पर ही भूलकर ट्रेन में चढ़ गई दौरान चेकिंग लेडीज बैग लावारिश मिलने पर अपने कब्जे में लेकर बैग में मिले मोबाइल के माध्यम से फरियादिया को सूचना दी गई जिसके परिजन सैयद नायाब अली थाना उपस्थित आये जिन्हें लेडीज बैग जिसके अंदर सोने के जेवरात में एक सोने का हार, एक सोने की चैन, एक सोने का मंगलसूत्र, 3 सोने की अंगुठियाँ, एक सोने का मोतियों का हार, चार सोने के कंगन, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी सोने की कनकी कुल कीमती 500000/रू. का जेवर एक मोबाइल सहित सुपुर्द किया गया इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सउनि राजेश राज हमराह प्रधान आरक्षक रमेश कौरव, आरक्षक आशीष सराठे, आर. राज कुमार पटेल, आर. विमलेश ठाकुर की भूमिका रही।

## सिलावट समाज करेगा ध्वजारोहण एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन

**गोटेगांव, यशभारत।** आगामी 26 जनवरी को सिलावट समाज विकास संघ द्वारा नया बाजार गोटेगांव में ध्वजारोहण एवं तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आज घर-घर पहुंचकर कार्ड वितरित कर लोगों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जिसमें जिला अध्यक्ष गौरीशंकर परसवार ,प्रदेश महामंत्री दीनू छिराप्रदेश सहमीडिया प्रभारी संजू चौहान जिला उपाध्यक्ष परमसिह मिहोलिया जिला सह सचिव कमलकांत जारोलिया, संजय चादोलिया,अमल सिंह जारोलिया, मूरत सिंह परसवाल, देवीसिंह परसवारनर्मदा प्रसाद, घनश्याम बरसैंयादीपक बझैया ,राजकुमार बझैया, कमलेश कनेरिया, दुर्गेश पंडा, योगेश बरसैंया, मोनू परसवाल, आकाश परसवाल,अनिल सिंह, अनुराग छिरा,सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मेले का उठा रहे लुत्फ

**नरसिंहपुर यभाप्र।** मकर संक्रांति पर बरमान घाट में लगने वाले ऐतिहासिक बरमान मेला का नागरिक लुत्फ उठा रहे है। श्रद्धालुओं गण यहां पहुंचकर माँ नर्मदा में पुण्य की डुबकी लगाकर पूजन अर्चन कर मेला घूम रहे है। गौरतलब है कि नर्मदा तट के मेलों में बरमान का मेला प्रदेश में अपना खास दर्जा है, धर्म, आस्था और मनोरंजन के साथ प्राचीन भारत के दर्शन भी यहां होते हैं, नरसिंहपुर में मकर संक्राति से करीब पन्द्रह दिन तक चलने वाले मेले में दूरदराज के कई जिलों के लोग यहां आकर पूजन, स्नान के साथ-साथ मनोरंजन और खरीदारी के लिए उमड़ रहे हैं नर्मदा के इस किनारे पर लगने वाले भटे अपने जायके के लिए सारे प्रदेश में विख्यात हैं यही वजह है कि यहां का सबसे जायकेदार भोजन भटे के भर्त और बांटी है।जानकारी के अनुसार इन दिनों नर्मदा के सीढ़ी घाट पर सुबह से शाम तक लोगों की अपार भीड़ देखी जा रही है। आसपास के क्षेत्रों सहित दूर-दराज के गांवों से आकर श्रद्धालुओं ने बरमान में पुण्य की डुबकी लगा माँ नर्मदा से सुख-समृद्धि की कामना की जा रही है।

# पमरे से गुजरने वाली दो स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि विस्तारित

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 02575/02576 हैदराबाद-गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल एवं 07115/07116 हैदराबाद-जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेनों के चलने की अवधि को विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 02575 हैदराबाद-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 24.02.2023 तक तथा गाड़ी संख्या 02576 गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 26.02.2023 तक अपने निर्धारित दिन एवं समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी। इससे पूर्व संख्या 02575 हैदराबाद-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 27.01.2023 तक तथा गाड़ी संख्या 02576 गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 29.01.2023 तक चलाने का निर्णय लिया गया था। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07115 हैदराबाद-जयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 24.02.2023 तक तथा गाड़ी संख्या 07116 जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.02.2023 तक अपने वर्तमान निर्धारित दिन, समय-सारणी एवं कोच कंपोजीशन के अनुसार चलती रहेगी। इससे पूर्व गाड़ी संख्या 07115 हैदराबाद-जयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को 27.01.2023 तक तथा गाड़ी संख्या 07116 जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को 29.01.2023 तक चलाने का निर्णय लिया गया था।

# पनागर कॉलेज में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन संपन्न



**पनागर, यशभारत।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में भूतपूर्व छात्रों सम्मेलन हुआ जिसमें भूतपूर्व छात्र एसोसियेशन बनाने हेतु प्रतिनिधियों का चयन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से श्री संजय कुमार जैन अध्यक्ष, प्रमोद हल्दकार उपाध्यक्ष,अनिल रैदास सचिव एवं दीपांशु नामदेव सह-सचिव के रूप में पदासीन हुये एवं सदस्यों को भी मनोनीत किया गया इसी क्रम में कुछ सदस्यों ने स्थाई सदस्यता भी ग्रहण की। अध्यक्ष संजय कुमार जैन ने सभी सदस्यों से महाविद्यालय विकास में अपना भरपूर सहयोग देने हेतु प्रेरित किया। सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखते हुये छात्र हित में सहयोग के रूप में छात्रों को आर्गेनिक फार्म ट्रेनिंग देने हेतु उपाध्यक्ष प्रमोद हल्दकार ने कहा। नि:शुल्क बिजली उपकरण सुधार ट्रेनिंग के लिये अनिल विश्वकर्मा आगे आये। महिला सशक्तिकरण एवं अग्रेंजी कार्यशाला की नि:शुल्क ट्रेनिंग प्रदान करने का आश्वासन सचिव श्री अनिल रैदास ने दिया। सम्माननीय सदस्य सुश्री मानसी मोदी, सुश्री पूजा पटैल, पवन पटैल द्वारा महाविद्यालय के छात्रों को पार्ट-टाईम जॉब देने हेतु आश्वस्त किया,शिव कुशवाहा,अनिल विश्वकर्मा सहित छात्र उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन एवं वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती अंजना जैन कार्यक्रम प्रभारी एवं डॉ. मोना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में छात्रों को कॅरियर के प्रति गंभीर एवं सजग रहने हेतु प्रेरित किया। भूतपूर्व छात्र सम्मेलन में सत् 1990 से 2022 के छात्र शामिल हुये। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन परिवार का योगदान सराहनीय रहा लगभग 60 छात्र कार्यक्रम के माध्यम से लाभान्वित हुये। आभार प्रदर्शन डॉ. गायत्री मरावी द्वारा किया गया।

## 28 को मां नर्मदा जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा महाआरती

**पनागर , यशभारत।** न्यू बाल गोपाल समिति पनागर के तत्वाधान में श्री प्राचीन छोटे महावीर मंदिर स्कूल के पास 17 वर्ष में मां नर्मदा जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा एवं महा आरती का आयोजन 28 जनवरी दिन शनिवार को किया गया है जिसमें दोपहर 12बजे से भंडारा प्रारंभ होगा महा आरती शाम 7 बजे से मंदिर प्रांगण के समक्ष संपन्न होगी समिति के पदाधिकारियों ने समस्त जनों से उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# तीसरे वनडे में भारत ने किया न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ, 6 रिकॉर्ड टूटे

इंदौर, ईएमएस। टीम इंडिया ने तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड को 90 रन से हराकर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। इंदौर के होलकर स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारतीय ओपनर शुभमन गिल, कप्तान रोहित शर्मा और पूरी टीम ने एक से बढ़कर एक 6 बड़े रिकॉर्ड बनाए। गिल तो लगता है कि पाकिस्तान बल्लेबाजों के पीछे ही पड़ गए हैं।



### न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

टीम इंडिया इस मैच में अगर 8 रन और बनाती तो वह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लेती। भारत ने 2009 में क्राइस्टचर्च वनडे में कीवी टीम के खिलाफ 392/4 का स्कोर बनाया था।

### कीवियों के खिलाफ सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप

रोहित शर्मा और गौतम गंभीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनर शिप का रिकॉर्ड बना दिया। इन दोनों ने पहले विकेट की साझेदारी में 212 रन जोड़े। पिछला रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग और गौतम गंभीर के नाम था। इन दोनों ने 2009 में हैमिल्टन में 201 रन की पार्टनरशिप की थी।

### भारत की ओर से एक वनडे में सबसे ज्यादा छक्के

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में भारत के सभी बल्लेबाजों ने मिलकर 19 छक्के जमाए। यह किसी वनडे मैच में सबसे ज्यादा सिक्स के पिछले भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी है। भारतीय टीम ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में भी 19 छक्के जमाए थे। तब 16 छक्के अकेले रोहित शर्मा ने जड़े थे।

### सचिन और विराट के बाद रोहित

रोहित शर्मा ने वनडे करियर की 30वीं सेंचुरी जमाई है। इसके साथ ही उन्होंने रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ही मौजूद हैं।

## गिल ने इमाम उल हक को पीछे छोड़ा, टीम इंडिया ने एक वनडे में सबसे ज्यादा 19 छक्के लगाए

### बाबर के 7 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की

गिल ने इस शानदार शतकीय पारी की मदद से बाबर आजम के सात साल पुराने एक रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। यह रिकॉर्ड है तीन वनडे मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का। बाबर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2016 में तीन वनडे मैचों की सीरीज में 360 रन बनाए थे। गिल ने भी न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 360 रन ही बनाए हैं।

### शुरुआती 21 पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने गिल

भारत के 23 वर्षीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने पहला रिकॉर्ड बनाया। गिल वनडे क्रिकेट में शुरुआती 21 पारियों के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अब तक 21 वनडे खेले और 21 पारियों में 73.76 की औसत से 1254 रन बना लिए हैं। गिल से पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के इमाम उल हक के नाम था। इमाम ने अपने करियर की पहली 21 पारियों में 60.56 की औसत से 1090 रन बनाए थे। इतना ही नहीं 22, 23 और 24 पारियों के बाद भी गिल का सबसे ज्यादा रन बनाने वाला बल्लेबाज बनना तय हो गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि 24 पारियों बाद सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड 1194 रन (जोनाथन ट्रॉट, इंग्लैंड) का है। गिल इससे ज्यादा रन अभी बना चुके हैं। 25 पारियों वाला रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम है। बाबर ने अपनी पहली 25 पारियों में 1306 रन बनाए थे। यानी गिल अगली तीन पारियों में 53 रन बना लेते हैं तो बाबर का भी रिकॉर्ड टूटना पक्का हो जाएगा।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जबलपुर कॉरपोरेशन विजेता









**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश कबड्डी संघ द्वारा मान्यता प्राप्त हरदा जिला के खिरकिया जिले में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जबलपुर कॉरपोरेशन की महिलाओं ने प्रतियोगिता में अजय रहते हुए विजेता बनीं। मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शानू यादव ने बताया कि जबलपुर कारपोरेशन ने अपने तीनों लीग मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में संस्था वैष्णवी इंदौर को 53-12 अंकों से ,सेमीफाइनल में द्रोणाचार्य अकादमी खातेगांव को 34-18 अंकों से और निर्णायक मुकाबले में रीवा जिला जज की शक्तिशाली टीम को 44-13 से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। विजेता टीम को समिति द्वारा ट्रॉफी के अलावा 21,000 रुपए नगद प्रदान किया गया। स्पधा कीसर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी श्वेता उपाध्याय जबलपुर को 1500 रुपए नगद व ट्राफी सर्वश्रेष्ठ केचर के लिए खुशबू राय जबलपुर ,सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर के लिए आकांक्षा रीवा, सर्वश्रेष्ठ रेडर सृष्टि सिंह जबलपुर को ट्रॉफी के अलावा 1111 रुपए प्रदान किए गण। अर्जुन अवॉर्डी मधु यादव , डॉ अमित साहू ,धर्मेंद्र सिंह पप्पू ,प्रदीप जटिया, खेल अधिकारी आशीष पांडे साई प्रशासक कुलदीप बरार ने बधाई दी।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रोप स्किपिंग ने किया जबलपुर को गौरवांवित

### रोप स्किपिंग में जबलपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जबलपुर, यशभारत।** राज्य स्तरीय जबलपुर, यशभारत। शालेय रोप स्किपिंग प्रतियोगिता सीहोर में आयोजित हुई है जिसमें जबलपुर संभाग ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए 18 गोल्ड के साथ कुल 56 मेडल प्राप्त किए। संभागीय क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती आशा सिसोदिया रोप स्किपिंग नोडल केंद्र प्राचार्य एस के शर्मा, नरई नाला प्राचार्य ठाकुर सर, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन , मधुमिता हाजरा, राकेश श्रीवास , निशा ठाकुर,हेमलता तिवारी, सीमा पटेल, गिरीश कांत मिश्रा,बृजेंद्र तिवारी अजय मिश्रा अशोक रायआदि ने सभी खिलाड़ियों एवं उनकी कोच एवं जिला रोप स्कीपिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी श्रीमती सारिका सिंह खान ज्वाइंट सेक्रेट्री दिनेश गौड़ सुधीर अवधिया, आकांक्षा सैनी पूजा सोनकर आदि को बधाई दी।

# फुकरे 3 की रिलीज डेट का ऐलान, जन्माष्टमी होगी पुलकित सम्राट और ऋचा चड्ढा के साथ



**मुंबई, ईएमएस।** एक्सेल एंटरटेनमेंट ने आखिरकार लंबे इंतजार के बाद बॉलीवुड की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी फुकरे 3 की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। पिछले लंबे समय से फैंस को फुकरे 3 का इंतजार था। अब मेकर्स ने नए पोस्टर्स के साथ इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया है। एक बार फिर फुकरे टीम दर्शकों को एंटरटेन करने आ रही है। आइए बताते हैं फुकरे 3 की रिलीज डेट। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा, ऋचा चड्ढा, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी की फुकरे 3 सिनेमाघरों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रिलीज हो रही है। जी हां, जन्माष्टमी के मौके पर फुकरे 3 थिएटर्स में 7 सितंबर 2023 को दस्तक देगी। अब दर्शक हंसी और ठहाकों के लिए तैयार हो जाइए।

### फुकरे 3 के डायरेक्टर

च्फुकरे 3ज् में पुलकित सम्राट और ऋचा चड्ढा की जोड़ी फिर देखने को मिलेगी। इसे मृगदीप सिंह लांबा (Mrighdeep Lamba) द्वारा निर्देशित है। मृगदीप को फुकरे फ्रेंचाइजी से ही लोकप्रियता मिली थी। इससे पहले वह च्रूहीज् के लेखन का काम भी संभाल चुके हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित किया गया है।

### फुकरे के पसंदीदा किरदार

फुकरे का पहला पार्ट 2013 में रिलीज हुआ था। जिसे जनता ने खूब प्यार दिया था। इसी आधार पर मेकर्स ने इस फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म रिलीज की। इसी तरह अब तीसरी फिल्म भी आने जा रही है। इस फ्रेंचाइजी के चूचा, पंडित जी, भोली पंजाबन जैसे कुछ सबसे पसंदीदा और आइकोनिक ऑन-स्क्रीन किरदार दिए हैं, जो फुकरे 3 में पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

### इस प्रोडक्शन हाउस के बारे में भी जान लीजिए

एक्सेल एंटरटेनमेंट, जिसकी सह-स्थापना फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने की थी, ने जेडएनएमडी, दिल चाहता है, डॉन, डॉन 2 जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ दर्शकों को एंटरटेन किया है। हाल में प्रोडक्शन हाउस सबसे बहुप्रतीक्षित जी ले जरा के लिए कमर कस रहा है।

# विनेश-साक्षी-पूनिया सरकार के फैसलों से नाखुश

## रेसलर्स बोले- ओवरसाइट कमेटी पर हमसे नहीं ली सलाह; बजरंग ने कहा- WFI में 28 रेफरी नौसिखिए






**पानीपत, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाने वाले रेसलर्स ने अब केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से बनाई गई ओवरसाइट कमेटी पर सवाल उठाए हैं। ड्ढस्नढ्ढ अध्यक्ष के खिलाफ दिल्ली में धरना देने वाले पहलवानों की अगुआई करने वाली रेसलर विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक ने मंगलवार दोपहर ट्वीट कर इस बारे में अपनी आपत्ति जताई। विनेश और पूनिया ने दोपहर 3 बजे एक साथ ट्वीट किए जबकि साक्षी ने दोपहर 3.40 बजे अकेले ट्वीट किया। तीनों पहलवानों ने एक ही मैसेज ट्वीट किया। तीनों ने लिखा- हमें आश्वासन दिया गया था कि ओवरसाइट कमेटी के गठन से पहले हमसे परामर्श किया जाएगा। बड़े दुख की बात है कि इस कमेटी के गठन से पहले हमसे राय भी नहीं ली गई।तीनों ही रेसलर्स ने अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया है।खेल मंत्रालय की ओवरसाइट कमेटी पर सवाल उठाने से पहले विनेश फोगाट ने मंगलवार सुबह भी दो ट्वीट किए।

### खेल मंत्रालय ने मैरीकॉम की अगुवाई में बनाई ओवरसाइट कमेटी

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 20 जनवरी को ड्ढस्नढ्ढ अध्यक्ष के खिलाफ धरना देने वाले पहलवानों के साथ नई दिल्ली में अपने सरकारी आवास पर मीटिंग की थी। देर रात तक चली इस मीटिंग के बाद अनुराग ठाकुर ने पहलवानों के साथ मीडिया के सामने आकर कहा कि खेल मंत्रालय पूरे विवाद की जांच के लिए कमेटी बनाएगा जो 4 हफ्ते में रिपोर्ट देगी। कमेटी की जांच पूरी होने तक बृजभूषण सिंह WFI का कामकाज नहीं देखेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन, 23 जनवरी को अनुराग ठाकुर ने पांच मेंबरी ओवरसाइट कमेटी बनाने की जानकारी देते हुए उसके सदस्यों के नाम का ऐलान किया। कमेटी का प्रमुख विश्व चैंपियन मुक्केबाज मैरी कॉम को बनाया गया जबकि इसके सदस्यों में ओलंपिक मेडल विजेता रेसलर योगेश्वर दत्त, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित तृप्ति मुरगुंडे, ञ्जह्रक्क्र-ष्टश्वह्र राजगोपालन और राधा श्रीमन शामिल हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह कमेटी ड्ढस्नढ्ढ का कामकाज देखेगी। अब पहलवानों ने खेल मंत्रालय की इसी ओवरसाइट कमेटी के गठन को लेकर किसी तरह की कोई चर्चा न किए जाने पर सवाल उठाए हैं।

# खेलो इंडिया अमरकंटक टॉर्च का शहर में भ्रमण



**जबलपुर, यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम का आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी तक मध्य प्रदेश के 8 शहरों में संपन्न होगा जिसमें कि जबलपुर में चार खेल तीरंदाजी खो खो तलवारबाजी एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता जबलपुर में रानीताल स्टेडियम में संपन्न होगी। जन जागरण बढ़ाने हेतु तथा सभी को खेलों में शामिल हो इसी दिशा में खेलो इंडिया की अमरकंटक टॉर्च आज रानीताल स्टेडियम से महापौर श्री जगत बहादुर सिंह विधायक श्री विनय सक्सेना नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज नेता प्रतिपक्ष श्री कमलेश अग्रवाल , पार्षद महेश राजपूत, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा विभाग श्री विशाल benna आदि ने टॉर्च पर माला पहना कर हरी झंडी दिखाकर 4 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों जिसमें कि कु श्रेयाअग्रवाल, मुस्कान किरार, नैंसी जैन और भनोट के साथ मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव श्री दिग्विजय सिंह को भ्रमण के लिए सौंपी। सभी खिलाड़ी खेलो इंडिया के थीम सॉन्ग दिल धड़का दो और जोश जगा दो गाने में नाचते हुए नगर के विभिन्न स्थानों से टॉर्च निकली जिसका जगह-जगह पर स्वागत भी किया गया इस अवसर पर साई प्रशासक कुलदीप बरार शिशिर तिवारी विशाल दत्त नवीन शर्मा नंद कुमार यादव लोक बहादुर राजेश चौबे आशीष पांडे डीएसओ दिनेश सिंह ठाकुर संजय यादव विनोद पोद्दार महेंद्र विश्वकर्मा श्री शिविर तिवारी लोक बहादुर श्री अमित देव प्रशांत जैन रचित दीक्षित पर्व जयसवालआदि उपस्थित थे।

# हर जगह हाथ में स्पाइडर प्लांट लेकर क्यों घूमते रहते हैं जैकी श्रॉफ, मजेदार है इस पौधे की कहानी

**मुंबई, एजेंसी।** सुभाष घई की बर्थडे पार्टी में सलमान खान से लेकर ऐश्वर्या राय बच्चन, अनिल कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा, कार्तिक आर्यन जैसे कई और स्टार्स शामिल हुए। इसी पार्टी में जैकी श्रॉफ भी पहुंचे थे। जैकी श्रॉफ का वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपने हाथों में एक स्पाइडर प्लांट लिए नजर आ रहे हैं। अब लोग जानना चाह रहे हैं कि जैकी के हाथ में ये प्लांट क्यों हैं? क्या उन्होंने ये प्लांट सुभाष घई को गिफ्ट किया? हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं जब जैकी इस तरह किसी पार्टी में प्लांट्स के साथ नजर आए हों। इससे पहले हाल ही में आशा भोसले की पोती जनाई भोसले की पार्टी में भी जैकी पौधे के साथ दिखे थे। दरअसल, पौधे और जैकी की कहानी काफी गहरी है।

### गले में लटका रहता था प्लांट

जैकी श्रॉफ के गले में प्लांट वाली माला ने भी सबका ध्यान खूब खींचा है। दरअसल जैकी पर्यावरण की सुरक्षा, पल्यूशन को कम करने का एकमात्र तरीका प्लांट्स लगाना ही मानते हैं। यही वजह है कि जहां कई एक्टर्स स्टाइलिश और फैन्सी एक्सेसरीज़ पहनना पसंद करते हैं वहीं जैकी एक छोटे से पॉट में लगे प्लांट को गले में लटकाकर चलने से परहेज नहीं करते। जैकी को स्पाइड प्लांट से कुछ ज्यादा ही प्यार है और वह इसे अपनी कार में भी रखते हैं। जैकी की मानना है कि कार में टॉक्सिक हवाओं से बचने के लिए स्पाइड प्लांट रखना चाहिए।



### जैकी श्रॉफ ने कहा था- नई लगाने का है तो मरो जलके

जैकी श्रॉफ इस बारे में खुलकर बातें भी कर चुके हैं। जैकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह कह रहे हैं, च्झाड़ (पौधे) लगाकर मैंने कोई उपकार नहीं किया दुनिया पे। सबका काम है लगाने का लगाओ, नई लगाने का है तो मरो जलके। वही होनेवाला है। अपुन को अपने बच्चे के बच्चे का सोचने का न। अपुन तो आधा कबर में है। बाकी भी तो आएंगे, अपने पिल्लर तो आएंगे। मेरा टाइगर बाबा है, मेरे टाइगर का भी एक छोटा टाइगर आएगा। आपलोग का भी आएगा, सबका टाइगर घर में है। तो समझा करो भिड़ू, उनके लिए छोड़ने का अपने को झाड़ पान, खाना सही, पानी सही, हवा सही, बाकी के लोगों के दिमाग में जहर ऐसे ही कम हो जाएंगे ये सब कम हो गया तो, है न भिड़ू। मेरे को बोलने को नहीं आता है, जितना आता है बोल रेला है भिड़ू।

### बताया गले में क्यों प्लांट लटकाकर चलते थे जैकी

जैकी से जब इस स्पाइड प्लांट के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये प्लांट यूनीक है, यह हवा से बेंजीन जैसे एलिमेंट को हटाता है और बदले में आपको ऑक्सिजन देता है। साल 2019 में दिए अपने इंटरव्यू में जैकी ने कहा था कि हाल ही में उन्हें इस बारे में पता लगा और तभी से लगा कि इस प्लांट को अपने आसपास रखना सही है। जैकी ने कहा, च्मैंने इसे कस्टम मेड पॉट में लगाया है जो कि मेरे फ्रेंड ने मुझे गिफ्ट किया था। मैं इसमें रोज पानी देता हूं, मैं इसे गले में लटकाकर चलता हूं, लेकिन लोग बड़े साइज का प्लांट खरीदकर अपनी कारों में रख सकते हैं और इसे घर में डेकोरेटिव पीस की तरह भी रख सकते हैं। यह महंगे स्टैच्यू या आर्ट पीस से कहीं अधिक बेहतर है।

# बिस्तर पर काली साड़ी में सिसकियां लेती दिखीं सुरभि चंदना, लोग बोले- आपने तापमान बढ़ा दिया



**मुंबई, ईएमएस।** नागिन फेम सुरभि चंदना का ग्लैमरस वीडियो सामने आया है। जिसे देख आप भी एक पल को हैरत में पड़ जाएंगे। सुरभि चंदना ने अब तक का सबसे ग्लैमरस अवतार शेयर किया है। इसमें वह ब्लैक साड़ी में बेडसीन देती दिख रही हैं। सुरभि चंदना का बोल्ड अवतार हर किसी को अट्रैक्ट तो कर रहा है मगर हैरत में भी डाल रहा है। यूजर्स का इस बोल्ड वीडियो को देख मुंह खुला रह गया। लोगों ने इसे फायर लुक बताया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सुरभि चंदना एक शानदार एक्ट्रेस हैं जो हर तरह के सीन्स में फिट बैठती हैं। उन्होंने इस तरह के रोमांटिक सीन में भी चार चांद लगा दिए हैं। देखिए सुरभि चंदना का लेटेस्ट सिजलिंग वीडियो। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म रामलीला के गाने अंग लगा दे पर सुरभि चंदना ने बोल्ड वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह बेड पर बोल्ड पोज देती दिख रही हैं। काली साड़ी पहने, गुलाब के बिस्तर पर ऐसा अंदाज देख हर किसी की आंखें फटी रह गई।

# सानिया-बोपन्ना की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में

### मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मिला वॉकओवर

**मेलबर्न, एजेंसी।** आखिरी ग्रैंड स्लैम खेली रहीं भारतीय स्टार सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन की मिक्स्ड कैटेगरी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय जोडी को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्पेन के वेगा हर्नांडेज और लाटविया के जेनेना ओस्तापेंको ने वॉकओवर दिया। सेमीफाइनल मुकाबला 26 जनवरी को होगा। भारतीय जोड़ी ने प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबले में उरुग्वे के एरियल बेहर और माकोटो निनोमिया की जोड़ी 6-4 7-6 से हरा कर क्वार्टरफाईनल में प्रवेश किया था। एक घंटे 17 मिनट चले इस मुकाबले के पहले सेट में भारतीय हावी रहे थे। उसके बाद उरुग्वे-जापानी जोड़ी ने कमाल की चुनौती पेश की, हालांकि यह



जोड़ी मुकाबले को आखिरी सेट तक नहीं ले सकी। बोपन्ना-मिर्जा ने 6 साल पहले 2017 में फ्रेंच ओपन का मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता था। साल के पहले ग्रैंड स्लैम की बात करें तो ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिर्जा महेश भूपति के साथ 2009 में चैंपियन बनी थीं। भारतीय जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 के इस मुकाबले का पहला सेट आसानी से जीत लिया। इसका स्कोर 6-4 रहा। दूसरे सेट में उरुग्वे-जापानी जोड़ी ने मिर्जा-बोपन्ना को जबर्दस्त चुनौती दी। मुकाबला टाइब्रेकर तक गया, हालांकि जीत भारतीयों के पक्ष में रही।

# पुलिस की पिटाई से नर्सिंग छात्राएं आहत, सीएम को घेरने की तैयारी

## समस्या बताने पर विवि ने बदसलूकी, पुलिस ने भी साथ दिया



**जबलपुर, यशभारत।** मप्र आयुर्विज्ञान यूनिवर्सिटी में मंगलवार को नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्राओं के साथ पुलिस ने धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की। इस मामले को लेकर छात्राएं आहत है और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेरने की तैयारियां कर रही है। छात्राएं सीएम से मिलकर जबलपुर साइंस मेडिकल यूनिवर्सिटी में चले रहे भ्रष्टाचार और अनियिताओं की शिकायत करेंगे। नर्सिंग छात्र संगठन के अध्यक्ष गोपाल पराशर ने विवि अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि सालों से नर्सिंग की परीक्षाएं नहीं कराई गई, जब छात्राएं जनरल प्रमोशन की मांग करने विवि पहुंची तो उनके साथ बदसलूकी की गई, पुलिस बुलाकर धक्का मुक्की के साथ मारपीट की गई।

### सीएम का आगमन आज, धक्का-मुक्की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

जबलपुर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन आज बुधवार को होने जा रहा है लेकिन इसके पहले नर्सिंग की छात्राओं के साथ गढ़ा पुलिस द्वारा की गई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। साथ ही सोशल मीडिया पर यह भी चर्चा है कि मामा के आगमन के पहले भांजियों की पिटाई कर यह दर्शाया जा रहा है कि विरोध करने में इसी तरह का बर्ताव किया जाएगा। दरअसल नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्राएं कई सालों से परीक्षा नहीं होने को लेकर बुधवार को मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय पहुंची थी और परिसर के बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगी थी छात्राओं के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए विश्वविद्यालय अधिकारियों ने आपत्ति दर्ज कराई और गढ़ा पुलिस को बुलाकर छात्राओं को कैंपस के बाहर कर दिया जब छात्राएं इसके बाद भी नहीं मानी तो उनके साथ झूमा झपटी और मारपीट की गई।

## कवि सम्मेलन से होगी दो दिन कार्यक्रम की शुरुआत

**जबलपुर, यशभारत।** सुप्रभातम संस्था एवं शहीद स्मारक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर दो दिवसीय समारोह का आयोजन शहीद स्मारक परिसर गोलबाजार जबलपुर में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर आज 6.00 बजे से कवि सम्मेलन आयोजित है जिसमें मूर्धन्य कवि शायर श्री राज सागरी. श्री सूरज राय सूरज, मनीष तिवारी, इरफान झांस्वी, आलोक पाठक, दिनेश सोनी राज, रघुन्दान शर्मा दानिश,वंदना सोनी, प्रतिभा पटैल, अजय मिश्रा अजेय, प्रशांत मिश्रा, अक्षत व्यास, एवं अरिहंत जैन द्वारा काव्य पाठ किया जावेगा। इस अवसर पर चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। मुख्य समारोह अभय जैन ,वरिष्ठ समाजसेवी की अध्यक्षता रवीन्द्र बाजपेई वरिष्ठ पत्रकार के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. श्रीमती रूपलेखा चौहान, सेवानिवृत्त डीन, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर, डॉ. अखिलेश गुमास्ता, वरिष्ठ चिकित्सक, विनय सक्सेना जी. विधायक उत्तर मध्य विधान सभा एवं श्री अयोध्या तिवारी जी,पार्षद की विशिष्ट आतिथ्य में मनाया जावेगा।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)